राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उत्तर केसरी

उत्तर प्रदेश, दिल्ली एवं उत्तराखंड से एक साथ प्रसारित

★ वर्ष 19 ★ अंक 286 ★ कार्तिक, कृष्ण पक्ष, दशमी, विक्रमी सम्वत् 2079 ★ मुरादाबाद, बुधवार 19 अक्टूबर 2022 ★ पृठ 08 मूल्यः रु. 1/-

## गेहूं की एमएसपी में 110 रुपये का इजाफा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली से पहले मोदी सरकार ने किसानों को गिफ्ट दिया है। केंद्र सरकार ने मंगलवार को 2023-24 सीजन के लिए छह रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दे दी। बड़ा फैसला लेते हुए सरकार ने गेहूं के एमएसपी में 110 रुपये और जौ में 100 रुपये की बढ़ोत्तरी की है। इस तरह गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2125 रुपए प्रति क्विंटल हो गया है।

मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति की बैठक के बाद मीडिया को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि गेहूं के एमएसपी में 110 रुपये, जौ में 100 रुपये, चना को 105 रुपये, मसूर में 500 रुपये, रेपसीड और सरसों के 400 रुपये और कुसुम के एमएसपी में 209 रुपये की बढ़ोतरी की गई है। न्यूनतम समर्थन मूल्य वह दर है जिस पर सरकार किसानों से अनाज खरीदती है। फिलहाल सरकार 23 खरीफ और रबी फसलों के लिए एमएसपी तय करती है। रबी (सर्दियों) फसलों की बुवाई खरीफ (गर्मी) फसलों की कटाई के तुरंत बाद अक्टूबर में शुरू होती है। गेहूं और सरसों रबी की प्रमुख फसलें हैं। सरकार ने एक बयान में कहा, विपणन सीजन 2023-24 के लिए रबी फसलों के लिए एमएसपी में वृद्धि केंद्रीय बजट 2018-19 की घोषणा के अनुरूप है। जिसमें एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत का 1.5 गुना पट्टे के स्तर पर तय किया गया है। इसका लक्ष्य किसानों को उचित पारिश्रमिक देना है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, सरकार की प्राथमिकता तिलहन और दालों का उत्पादन बढ़ाना है और इस प्रकार आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य को पूरा करना है।

## केदारनाथ में यात्रियों को ले जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश, पायलट समेत 7 की मौत

### उड़ने के कुछ ही सेकेंड बाद हेलिकॉप्टर हो गया हादसे का शिकार

**रुद्रप्रयाग, एजेंसी।** केदारनाथ में एक हेलिकॉप्टर क्रैश होने की वजह से बड़ा हादसा हो गया है। इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि केदारनाथ से 2 किलोमीटर दूर गरुडचट्टी में यह हादसा हुआ है। एक निजी कंपनी के हेलिकॉप्टर में कई सैलानी सवार थे तब ही यह हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। हादसे में पायलट समेत सभी 7 लोगों की मौत हो गई है। गुप्तकाशी से केदारनाथ की उड़ान के दौरान यह हादसा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि गुप्तकाशी से केदार घाटी की तरफ बढ़ने के दौरान यह हादसा हुआ होगा। वहां राहत और बचाव कार्य जारी है। बता दें कि दो दिन बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी केदारनाथ और बद्रीनाथ में दौरे पर जाएंगे।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस हादसे पर खेद जताया है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ के समीप गरुडचट्टी में दुर्भाग्यपूण हेलिकॉप्टर क्रैश में कई लोगों के हताहत होने का अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। राहत और बचाव कार्य हेतु एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम वहां राहत और बचाव कार्य के लिए पहुंची है। इस घटना के विस्तृत जानकारी के आदेश दिए गए हैं। पुलिस के साथ-साथ एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची है। इधर नागरिक एवं उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी ट्वीट कर इस हादसे पर दुख जताया है। केंद्रीय मंत्री ने ट्वीट करते हुए कहा कि केदारनाथ में हेलिकॉप्टर का दुर्घटनाग्रस्त होना दुर्भाग्यपूर्ण है। हम राज्य सरकार के टच में है और हादसे में नुकसान का आंकलन कर रहे हैं। हम लगातार हालात पर नजर बनाकर रख रहे हैं। मृतकों को लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके मुताबिक मृतकों में तीन लोग गुजरात के रहने वाले बताए जा रहे हैं। अन्य मृतकों की पहचान की कोशिश की जा रही है।

हेलिकॉप्टर किस वजह से हादसे

का शिकार हुआ है? अभी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। इस बात की अब जांच होगी कि यह हादसा खराब मौसम की वजह से हुआ या फिर हेलिकॉप्टर में किसी तकनीकि खराबी की वजह से यह हादसा हुआ है। न्यूज एजेंसी एएनआई ने बताया है कि केदारनाथ में पर्यटकों को फाटा से ले जाया जा रहा हेलिकॉप्टर क्रैश हुआ है। इस हादसे में बड़ा नुकसान हुआ है। प्रशासन की टीम राहत और बचाव कार्य के लिए वहां गई है। एक मीडिया चैनल ने प्रत्यक्षदर्शी से बातचीत के दौरान बताया है कि वहां मौसम खराब था। वहां रह-रह कर बारिश हो रही है। इस हादसे के बाद एक वीडियो भी सामने आया है। इस वीडियो में धुंध नजर आ रहा है। कुछ लोग पहाड़ पर खड़े भी नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा है कि खराब मौसम की वजह से हेलिकॉप्टर ने पीछे लौटने की कोशिश की तब ही जंगलचट्टी के पास विमान घाटी में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के दौरान आग की तेज लपटें देखी गई हैं। इस हादसे में हेलिकॉप्टर पूरी तरह से नष्ट हो गया है। हेलिकॉप्टर क्रैश को लेकर जो वीडियो सामने आए हैं उनमें हेलिकॉप्टर का मलबा भी नजर आ रहा है। याद दिला दें कि साल 2013 में केदारनाथ में एक भयंकर त्रासदी भी आई थी। आसमानी आफत की वजह से उत्तराखंड में भयानक तबाही मची थी। मंदाकिनी नदी ने उस वक्त रौद्र रूप दिखाया था। सैकड़ों लोगों के आधिकारिक तौर से मारे जाने की पुष्टि हुई थी जबकि हजारों लोग इस भयंकर आपदा में लापता हो गए थे। उत्तराखंड के केदारनाथ के नजदीक हेलिकॉप्टर हादसे के बाद अब इसकी जांच की जा रही है। इस बीच केदारनाथ हेलिपैड पर तैनात किये गये सुरक्षा गार्ड ने इस हादसे की कहानी बताई है।

### दिवाली से पहले देश में बड़ी आफत की दस्तक

## फिर रफ्तार पकड़ रहा कोरोना का ओमिक्रॉन वेरिएंट

### भारत में लागू रहेगा मास्क प्रोटोकॉल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कोरोना का ओमिक्रॉन वेरिएंट एक बार फिर रफ्तार पकड़ रहा है। कुछ देशों में नए मामले सामने आए हैं। इसे देखते हुए भारत में मास्क प्रोटोकॉल लागू रहेगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने मंगलवार को देश में कोरोना वायरस की स्थिति और चल रहे टीकाकरण अभियान की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

ओमिक्रॉन स्ट्रेन के सब-वेरिएंट तेजी से फैल रहे हैं। नए-नए वेरिएंट भी सामने आ रहे हैं। इसे देखते हुए बैठक में यह निर्णय लिया गया कि पूरे देश में मास्क और कोविड-उपयुक्त व्यवहार पर नियम जारी रहेगा। बैठक में केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक राजीव बहल, नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) वीके

पॉल, टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह (एनटीएजीआई) के अध्यक्ष एनके अरोड़ा और जैव प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव राजेश एस गोखले सहित शीर्ष अधिकारियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए बुलेटिन के अनुसार, राज्यों में, महाराष्ट्र में पिछले सप्ताह की तुलना में कोरोनावायरस के मामलों में 17.7 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। महाराष्ट्र में पाए गए नए कोविड मामलों में एक्सबीबी भी शामिल है। एक्सबीबी ओमिक्रॉन वेरिएंट का एक नया सब-वेरिएंट है, जिसे केरल सहित देश के कुछ अन्य हिस्सों में भी पाया गया है। इसके अलावा, महाराष्ट्र में ओमिक्रॉन-बीए2.3.20 और बीक्यू.1 वेरिएंट के अन्य सब-वेरिएंट भी पाए गए हैं। भारत में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 1,542 नए मामले सामने आने के बाद देश में संक्रमितों की कुल संख्या 4,46,32,430, हो गई। पिछले छह महीने में सामने आये ये सबसे कम दैनिक मामले हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मंगलवार को सुबह आठ बजे अद्यतन आंकडों के अनुसार, उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 26,449 हो गई है जो कुल मामलों का 0.06 प्रतिशत है। पिछले 24 घंटे में उपाचारीधीन मरीजों की संख्या में 385 की कमी हुई है। मंत्रालय के अनुसार, कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.75 प्रतिशत है।

## दाऊद और सईद को कब सौंपोगे... इंटरपोल की मीटिंग में आए पाक अफसरों के मुंह पर ताला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंटरपोल की बैठक में शामिल होने भारत आए पाकिस्तानी अफसर को दाऊद इब्राहिम और लश्कर-ए-तैयबा के चीफ हाफिज सईद का नाम सुनकर ही सांप सूंघ गया और पल्ला झाड़ते हुए अपनी सीट पकड़कर बैठ गए। दरअसल पाकिस्तान की सबसे बड़ी जांच एजेंसी फेडरल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी के डायरेक्टर जनरल मोहसिन बट से जब मीडिया कर्मियों ने सवाल करना चाहा तो वह पहले ही बोलने से इनकार करने लगे। हालांकि पत्राकर ने उने पूछ ही लिया कि पाकिस्तान कब दाऊद और आतंकी हाफिज सईद को भारत को सौंपेगा। इसपर पाकिस्तान अफसर के मुंह पर ताला लग गया।

पत्रकार ने कहा, मेरा एक सवाल है। इसी के बाद मोहसिन बट हाथ हिलाकर बोलने से इनकार करने लगे। पत्रकार ने कहा, आप केवल सवाल सुन लें। मर्जी हो तो जवाब दें या ना दें। क्या भारत के साथ रिश्ता आगे बढ़ेगा? हाफिज सईद और दाऊद इब्राहिम भारत में मोस्ट वॉन्टेड हैं क्या आप भारत को सौंपेंगे? इसपर मोहसिन अपने मुंह पर उंगली रखते नजर आए और फिर सवाल को नजरअंदाज करते हुए बैठ गए। बता दें कि इंटरपोल की 90वीं महासभा इस बार भारत में हो रही है। इसका आयोजन 25 साल

बाद राजधानी दिल्ली के प्रगति मैदान में किया गया है। इसमें 195 देशों के प्रतिनिधि हिस्सा ले रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन के साथ ही इस महासभा की शुरुआत हुई थी। वहीं समापन भाषण केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह देंगे। दुनियाभर में अपराध पर लगाम कसने के लिए 1923 में इस संगठन का गठन किया गया था। यह एक अंतरराष्ट्रीय पुलिस संगठन है। इसकी स्थापना ऑस्ट्रिया के विएना में हुई थी। 195 देश इसके सदस्य हैं।

## डिफेंस में बड़ी छलांग की तैयारी, 35 हजार करोड़ का एक्सपोर्ट करेगा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत ने बीते कुछ सालों में रक्षा क्षेत्र में ऊंची छलांग लगाई है और अब आने वाले सालों में इसमें और इजाफा होने की तैयारी है। भारत की ओर से अफ्रीका समेत दुनिया के कई देशों को 35,000 करोड़ रुपये तक के हथियार और ड्रोन्स आदि बेचे जाने की तैयारी है। डिफेंस एग्जिबिशन से इतर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने इन तैयारियों के बारे में जानकारी दी है। इस प्रदर्शनी में भारत स्वदेश में बने हथियारों, उभरती तकनीकों पर अपनी रिसर्च और स्वार्म ड्रोन्स जैसे उपकरणों की ताकत दुनिया को दिखाएगा। इसके अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में भी भारत ने बड़ी सफलता हासिल की है। अब भारत की कोशिश है कि इन हथियारों और तकनीकों को हिंद महासागर के देशों और अफ्रीकी मुल्कों को निर्यात किया जाए।

इसी कड़ी में भारत की तैयारी है कि 2025 तक यह निर्यात 35,000 करोड़ रुपये तक बढ़ा लिया जाए। अफ्रीकी देशों के अपने समकक्षों से बातचीत में जुटे राजनाथ सिंह ने कहा

कि हमारा लक्ष्य है कि 2025 तक इस बड़े आंकड़े को हासिल किया जाए। बीते साल भी भारत ने 13,000 करोड़ रुपये की रक्षा सामग्री का निर्यात किया था। डिफेंस सेक्रेटरी अजय कुमार ने कहा कि इस साल के एक्सपो में कुल 451 एग्रीमेंट्स पर साइन होने वाले हैं। इनमें प्रोडक्ट्स की लॉन्चिंग और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर शामिल है। मंगलवार को शुरू हुए एक्सपो से पहले राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक देश से आगे निकलते हुए टॉप 25 निर्यातकों में शामिल होने में सफलता पाई है। राजनाथ सिंह ने कहा कि निजी और सरकारी क्षेत्र मिलकर काम करेंगे तो आने वाले समय में हमारा निर्यात और तेजी से बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि हम तेजी से डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग में लीडर के तौर पर आगे बढ़ रहे हैं। हम अब आयातक होने की बजाय निर्यातक बनने की दिशा में हैं। इस बार के एक्सपो में सिर्फ भारतीय कंपनियों को ही शामिल होने की परमिशन दी गई है। हालांकि विदेशी कंपनियों को सेमीनार और मीटिंग्स आदि के लिए आमंत्रित किया गया है। खासतौर पर भारतीय स्टार्टअप्स और कंपनियों में निवेश के लिए बातचीत को बुलाया गया है। डिफेंस मिनिस्ट्री का कहना है कि यह एक्सपो सबसे बड़ा है, जिसमें 1,340 कंपनियों ने पंजीकरण कराया है। पीएम नरेंद्र मोदी भी बुधवार को इसमें पहुंचने वाले हैं और इंडिया पैवेलियन का उद्घाटन करने वाले हैं। इसमें हथियारों के अलावा ड्रोन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक को भी दिखाया जाएगा। अधिकारियों का कहना है कि इस एक्सपो में कुल 75 देशों की ओर से हिस्सा लिया जाएगा।

## पीएम मोदी लॉन्च करेंगे अंतरिक्ष रक्षा अभियान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुजरात के गांधीनगर में बुधवार को डिफेंस एक्सपो 2022 का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वह डिफेंस स्पेश मिशन की भी शुरुआत करेंगे। अंतरिक्ष संबंधी सुरक्षा तैयारियों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन 75 चुनौतियों को भी सामने रखेंगे जिनसे पार पाकर भारत अंतरिक्ष वारफेयर का महारथी बन सकता है। रक्षा मंत्रालय की वेबसाइट पर इन चुनौतियों को दिखाया जाएगा।

इन चुनौतियों को पांच पैमानों पर विभाजित किया गया है। इसमें तकनीक लॉन्च सिस्टम, सैटलाइट सिस्टम, कम्युनिकेशन और प्लेलोड सिस्टम, ग्राउंड सिस्टम और सॉफ्टवेयर सिस्टम शामिल हैं। बता दें कि धीरे-धीरे धरती, समंदर और आकाश से युद्ध अंतरिक्ष की ओर बढ़ रहा है। इसके लिए भारत भी अपनी पूरी तैयारी कर रहा है। अंतरिक्ष विज्ञान के युग में भारत की यह शुरुआत भविष्य में रंग ला सकती है। स्पेस डिफेंस मिशन अंतरिक्ष आधारित तकनीक और प्राइवेट सेक्टर को बूस्ट देगा। अब तक इस मिशन के तहत 50 स्टार्टअप, 20 अंडर मेक 1 (आंशिक सरकारी फंडिंग) और बाकी बड़े सरकारी खर्च वाली योजनाएं होंगी। डीआरडीओ और इसरो भी इस मिशन में पूरी मदद करेगा। इसके अलावा मिनिमम ऑर्डर क्वांटिटी, प्रोजेक्ट डिवेलपमेंट बजट और अन्य बातें यूजर के आधार पर तय होगी। जैसे कि भारतीय थल सेना, नौसेना या वायुसेना ही इन बातों को तय करेगी। वहीं डिफेंस एक्सपो की बात करें तो इसमें 1320 से अधिक रक्षा कंपनियां भाग ले रही हैं। इस बार की थीम 3डी है। हर दो साल में हथियारों की इस प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। एक्सपो में 10 राज्यों के पविलियन देखे जा सकेंगे। इसमें 75 देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि यह डिफेंस एक्सपो अब तक का सबसे बड़ा होगा।

## खराब सड़क के चलते हुआ एक्सीडेंट तो अधिकारी होंगे जिम्मेदार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण खराब सड़क के चलते होने वाली घातक या गंभीर दुर्घटनाओं के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहराएगा। अथॉरिटी ने सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया में शामिल एनएचएआई प्रतिनिधियों की लापरवाही पर गंभीरता से विचार किया है। इस अनदेखी के कारण ही यात्रियों की सुरक्षा खतरे में पड़ती है। एनएचएआई की ओर से जारी सर्कुलर में इसकी जानकारी दी गई है।

सर्कुलर में कहा गया है, यह ध्यान में आया है कि रोड मार्किंग, रोड साइनेज, क्रैश बैरियर जैसे सुरक्षा कार्यों को पंच सूची में रखकर सर्टिफिकेट जारी किए जा रहे हैं। इससे न सिर्फ यात्रियों की सुरक्षा से समझौता होता है, बल्कि दुर्घटना/मौत होने पर एनएचएआई का नाम भी खराब होता है। मालूम हो कि लंबित कार्यों को एक श्रेणी के तहत रखा जाता है, जिसे पंच सूची कहा जाता है। एनएचएआई ने कहा, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सर्टिफिकेट जारी करने से पहले सड़क सुरक्षा से संबंधित सभी काम पूरे हैं। घटिया सड़क इंजीनियरिंग कार्यों के चलते हुई किसी भी घातक सड़क दुर्घटना के लिए क्षेत्रीय अधिकारी/परियोजना निदेशक/स्वतंत्र इंजीनियर जिम्मेदार होंगे। अथॉरिटी ने कहा कि पंच सूची में वही कार्य शामिल करने चाहिए, जो सड़क सुरक्षा से संबंधित नहीं हैं। इस सूची के कार्यों को 30 दिनों के भीतर पूरा करना चाहिए। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले नितिन गडकरी ने कहा था कि कंसल्टेंट की ओर से तैयार विस्तृत परियोजना रिपोर्ट में गलतियां सड़क दुर्घटनाओं का मुख्य कारण हैं। उन्होंने कहा कि डीपीआर तैयार करने में कहीं अधिक सावधानी और कई गुना बदलाव लाने की जरूरत है। सरकार की ओर से संसद में यह जानकारी दी गई कि देश में वर्ष 2017 से 2020 के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में 4.46 लाख से अधिक लोगों की मौत हुई।

## कानून तोड़ने वालों का जीना हराम कर देंगे : योगी

**लखनऊ, एजेंसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को अपने गृह जिले गोरखपुर और पड़ोसी जिले देवरिया के दौरे पर थे। उन्होंने जनता को करोड़ों की सौगात दी। विधानसभा चुनाव में मिली भारी जीत के लिए जनता को बधाई दी और विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कानून व्यवस्था को लेकर कहा कि किसी ने खिलवाड़ किया तो जीना हराम कर देंगे।

देवरिया में सीएम योगी ने कहा कि छह महीने पहले जब विधानसभा चुनाव हुए थे सभी की नजर गोरखपुर मंडल पर थीं। लोग जानते थे कि मुख्यमंत्री का गृह मंडल है। बड़े बड़े धुरंधर लोग आए थे लेकिन जनता ने उन्हें धूल चटा दिया। मंडल की 28 में से 27 सीटें भाजपा की झोली में डाल दी। लोगों ने विकास और राष्ट्रवाद के मुद्दे और पीएम मोदी की नीतियों पर वोट दिया। देवरिया की सात में से सात सीटें, कुशीनगर की सात में से सात सीटें, गोरखपुर की नौ में से नौ सीटें और महाराजगंज की पांच में से चार सीटें भाजपा को दीं। योगी ने कहा कि पिछले साढ़े पांच साल में उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और इसका लाभ विकास के रूप में मिला है। अपराध और अपराधियों के खिलाफ सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कायम है। कोई भी यदि प्रदेश के सौहार्द व महिलाओं की सुरक्षा पर खतरा बनेगा तो उसके लिए पुलिस खतरा बन जाएगी। कोई गफलत में न रहे। कानून व्यवस्था पर खतरा बनने वालों का जीना हराम कर देंगे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि सूखे के बाद बाढ़ से प्रदेश का अन्नदाता परेशान है। आपदा संकट की इस घड़ी में सरकार किसानों के

साथ खड़ी है। सर्वे कराया जा रहा है। किसानों को हुए हर नुकसान का मुआवजा दिया जाएगा। सीएम योगी ने यहां तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय किसान मेले का शुभारंभ और 477.46 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। कहा कि बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ समाज के हर तबके को मिल रहा है। सभी जिलों में मेडिकल कॉलेज खुल रहे हैं तो अयोध्या में राम मंदिर बन रहा है, काशी में विश्वनाथ कॉरीडोर बन रहा है तो वहीं मथुरा भी संवर रहा है। क्या कभी किसी ने सोचा था कि डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने एक संविधान, एक प्रधान का जो सपना देखा था वह पूरा हो पाएगा लेकिन मोदी सरकार ने धारा 370 समाप्त कर एक भारत, श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार कर दिया। योगी ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की चर्चा करते हुए कहा कि इसके तहत हर जिले में विश्वविद्यालय बनने हैं। राष्ट्रीय शिक्षा नीति में सभी प्रकार के पाठ्यक्रमों को एक साथ आगे बढ़ाने का प्रावधान किया गया है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति से युवाओं को स्किल डेवलपमेंट, खाद्यान्न उत्पादन व पशुपालन के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने को अनेक अवसर मिलेंगे।

## अमेरिका से यूपी में बड़े निवेश की तैयारी, सीएम योगी से मिला प्रतिनिधिमंडल

**लखनऊ, एजेंसी।** यूपी में अमेरिकी कंपनियां बड़े निवेश की तैयारी कर रही हैं। अगले साल होने वाले ग्लोबल समिट में भी यूएसए की कई कंपनियों की भागीदारी होने जा रही है। उत्तर प्रदेश को औद्योगिक निवेश का ग्लोबल हब बनाने के लिए जारी कोशिशों के बीच मंगलवार को यूएस-इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम (यूएसआईएसपीएफ) के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की।

उत्तर प्रदेश आगमन पर यूएसआईएसपीएफ प्रतिनिधिमंडल का अभिनन्दन करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 250 मिलियन की आबादी के साथ उत्तर प्रदेश भारत का सबसे बड़ा राज्य है। हमारे पास सबसे बड़ा लैंडबैंक है। उद्योग अनुकूल औद्योगिक नीतियां हैं। सुदृढ़ कानून-व्यवस्था है। हम खाद्यान्न उत्पादन में न केवल आत्मनिर्भर हैं, बल्कि निर्यात भी कर रहे हैं। देश में सबसे अच्छी उर्वरा भूमि उत्तर प्रदेश के पास है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का राज्य बनने के हमारे संकल्प की पूर्ति में

यूएसआईएसपीएफ सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और यूएसए सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, ऐसे में अगर यह दो देश मिलकर काम करें तो यह विश्व मानवता के कल्याणकारी होगा। इस दृष्टि से भारत और यूएसए के बीच रणनीतिक संबंधों को और बेहतर करने में यूएसआईएसपीएफ की बड़ी जिम्मेदारी है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तर प्रदेश को देश के %ग्रोथ इंजन% की सामर्थ्य वाले राज्य की संज्ञा दी है। प्रदेश अपनी इस जिम्मेदारी को निभाने के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में बड़ा बाजार है। अमेजॉन, माइक्रोसॉफ्ट, एडोब, पेप्सिको, सिनॉप्सिस, वालमार्ट आदि कई अमेरिकी कंपनियां उत्तर प्रदेश में पूर्व से ही कार्य कर रही हैं, सभी के अनुभव अच्छे हैं। सरकार सभी के व्यावसायिक हितों का ध्यान रख रही है।

## राजीव गांधी हत्याकांड की जांच के लिए बनी एमडीएमए को सरकार ने किया भंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या में व्यापक साजिश की जांच के लिए गठित 24 साल पुरानी बहु-विषयक निगरानी एजेंसी (एमडीएमए) को खत्म कर दिया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। एमडीएमए केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के तहत काम कर रही थी और इसमें कई केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने कहा कि एजेंसी को भंग करने का आदेश मई में जारी किया गया था और लंबित जांच को सीबीआई की एक अलग इकाई को सौंप दिया गया है।

एजेंसी को 1998 में एमसी जैन आयोग की सिफारिश पर दो साल के लिए स्थापित किया गया था और इसे वार्षिक विस्तार दिया गया था, लेकिन यह कोई बड़ी सफलता हासिल करने में विफल रही। पुलिस उप महानिरीक्षक स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली एजेंसी ने बैंकिंग लेनदेन सहित मामले के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी मांगने के लिए श्रीलंका, ब्रिटेन और मलेशिया जैसे देशों को 24 अनुरोध पत्र भेजे थे। उन्होंने कहा कि इन देशों ने 20 से अधिक अनुरोधों का जवाब दिया और केवल कुछ ही शेष थे। सूत्रों ने कहा कि जांच लगभग पूरी हो चुकी है और कुछ लंबित न्यायिक अनुरोधों या एमडीएमए द्वारा भेजे गए अनुरोध पत्र के मुद्दे को अब सीबीआई देखेगी।

# अमरोहा में रिटायर्ड शुगर मिल कर्मचारी की हत्या, घर में पड़ा मिला खून से लथपथ शव

## नौकर पर हत्या का आरोप, समान लेकर फरार हुआ नौकर

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**अमरोहा।** देहात थाना इलाके में रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित कालोनी में शुगर मील के रिटायर्ड कर्मचारी की घर में ही हत्या कर दी गई। उनका खून से लथपथ शव घर के बाथरूम में पड़ा मिला। हत्या के बाद घर में लूटपाट भी की गई। उधर नौकर पर ही वारदात को अंजाम देने का आरोप लगा है। क्योंकि नौकर सुबह घर से निकलते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुआ है। उधर घटना की सूचना मिलने पर डीएम और एसपी ने भी मौके पर जाकर मौका मुआयना किया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। साथ ही मृतक के शव को पीएम के लिए भेज दिया है।

आपको बता दें कि मूल रूप से सिद्धार्थनगर के रहने वाले रिटायर्ड शुगर मील कर्मचारी सुभाषचंद्र देहात थाना क्षेत्र में रोडवेज बस स्टैंड के पास स्थित कालोनी में परिवार संग रहते थे। अमरोहा शुगर मिल से वर्ष 2009 में वीआरएस लेने वाले सुभाषचंद्र की पत्नी ज्ञानवती दूबे की सात साल पहले मौत हो चुकी है। जबकि परिवार में तीन बेटे जोगमणि दूबे, राजमणि दूबे तथा नीलमणि दूबे व एक बेटी रत्ना दूबे हैं। तीनों बेटे गुरुग्राम में नौकरी करते हैं और बेटी गाजियाबाद में रहती है।

मूल रूप से सिद्धार्थनगर के बाजार निवासी सुभाषचंद्र दूबे के बेटे नीलमणि छह दिन पहले गुरुग्राम से एक 20 वर्षीय नेपाली युवक को नौकर के तौर पर काम करने के लिए घर लाए थे। युवक का नाम प्रकाश था। सोमवार रात किसी समय नौकर ने उनकी हत्या कर घर में रखी नकदी व जेवरात लूट लिए। उसके बाद मंगलवार सुबह फरार हो गया। मंगलवार सुबह लगभग 9 बजे जब सुभाषचंद्र घर के बाहर दिखाई नहीं दिए और गेट खुला मिला तो पड़ोस में रहने वाले रामौतार सिंह व राजनाथ गोयल ने भीतर जाकर देखा। वहां के हालात देख कर उन्हें अनहोनी की आशंका होने लगी। सारे कमरों के गेट खुले पड़े थे तथा सामान बिखरा पड़ा था।

घर के ही बाथरूम का गेट बाहर से बंद था। जब उन्होंने गेट खोलकर देखा तो बाथरूम में उनका शव पड़ा मिला। सिर व चेहरे पर चोट के निशान थे। गला भी घोंटा गया था। स्थानीय लोगों की सूचना पर थाना पुलिस व सीओ विजय कुमार राणा आ गए। डीएम बाल कृष्ण त्रिपाठी और एसपी आदित्य लांग्हे ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया है। डाग स्क्वायड व फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य जुटाए। कितनी नकदी व जेवरात लूटी गई है इसकी जानकारी नहीं हो सकी है, क्योंकि घर के बारे में केवल सुभाषचंद्र दूबे को ही जानकारी थी। पुलिस ने आसपास के घरों पर लगे सीसीटीवी की फुटेज भी जुटाई है। जिसमें नौकर प्रकाश साढ़े आठ बजे घर से निकल कर जाता दिखाई दे रहा है। जानकारी देते हुए एसपी आदित्य लांग्हे ने बताया कि सारे मामले की जांच की जा रही है। घटना के जल्द खुलासे के लिए टीम का गठन किया गया है।

# बलेनो के नंबर पर इनोवा में घूम रहे थे एसडीएम

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**अमरोहा।** अमरोहा में तैनात एक डिप्टी कलेक्टर बलेनो कार की नंबर प्लेट लगी इनोवा कार में सफर कर रहे थे। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक के दौरान एक सदस्य ने अचानक इस मामले को उठा दिया। बैठक में मौजूद एआरटीओ और कुछ अन्य अधिकारियों ने बाहर निकलकर इनोवा के नंबर को चेक किया तो शिकायत सही निकली। इनोवा पर लगी नंबर प्लेट मुरादाबाद निवासी मिसेज खन्ना के नाम पर रजिस्टर्ड बलेनो कार की निकली। प्लेट पर गैरकानूनी तरीके से हिन्दी में अक्षर भी लिखे थे। इसके बाद डीएम ने एआरटीओ को जांच और कार्रवाई करने का आदेश दिया।

उधर, पकड़े जाने की भनक लगते ही ड्राइवर इनोवा लेकर फरार हो गया। गौरतलब है कि डिप्टी कलेक्टर सुधीर कुमार सिंह को प्रशासनिक कार्यों से दौरों के लिए इनोवा कार मिली हुई है। इसके पहले वह हसनपुर में भी बतौर एसडीएम तैनात रह चुके हैं। बताया जाता है कि उस दौरान भी वह इसी इनोवा कार से चलते थे। सोमवार को डीएम बीके त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक चल रही थी। इसी दौरान समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने अचानक इस मामले को उठा दिया। इस जानकारी पर एआरटीओ प्रवर्तन महेश कुमार शर्मा, सीओ ट्रैफिक और टीएसआई धर्मेंद्र ने बैठक बीच में छोड़कर गाड़ी की नंबर प्लेट चैक की तो मामला सही पाया गया। परिवहन विभाग के कार्यालय से रिकार्ड निकलवाने पर पूरे मामले की पुष्टि हो गई। मामले की भनक लगते ही इनोवा का चालक कार लेकर मौके से भाग निकला। जिलाधिकारी बीके त्रिपाठी ने बताया कि एआरटीओ प्रवर्तन को पूरे मामले में जांच कर रिपोर्ट सौंपने को कहा है। जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य अनिल कुमार जग्गा ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में पूरा मामला उठाया गया है। आगे भी अनियमितताओं से जुड़े मामलों को इसी तरह उठाते रहेंगे।

### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उठा मुद्दा

# 20 अक्टूबर को धूमधाम से निकलेगी वाल्मीकि शोभायात्रा

### पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि शफीक अंसारी करेंगे शोभा यात्रा का उद्घाटन

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**स्वार।** नगर में वाल्मीकि शोभायात्रा 20 अक्टूबर को धूमधाम व हर्षोउल्लास के साथ मनाई जाएगी। शोभायात्रा का उदघाटन पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि करेंगे।

मंगलवार को वाल्मीकि जयंती के उपलक्ष्य में निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर वाल्मीकि बस्ती में एक बैठक आयोजित हुई ।जिसमें भावाधस के राष्ट्रीय सयुक्त मंत्री दीप सिंह राही ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी महर्षि वाल्मीकि की जयंती के उपलक्ष्य में नगर में धूमधाम एवं हर्षोउल्लास के साथ वाल्मीकि शोभायात्रा निकाली जाएगी ।शोभायात्रा का उदघाटन पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि शफ़ीक़ अहमद अंसारी करेंगे। जबकि वरिष्ठ अतिथि उपजिलाधिकारी सचिन राजपूत एवं सीओ रवि खोखर होंगे। उन्होंने शोभायात्रा को सफल बनाने की वाल्मीकि समाज से अपील की ।उन्होंने उपस्थितों से कहा कहा कि भगवान वाल्मीकि जी के अनुयाई बनने के लिए समाज में व्याप्त कुरीतियां जैसे नशाखोरी, जुआखोरी, अन्धविश्वास का त्याग करने का संकल्प लें।

बैठक में भावाधस के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य, शोभायात्रा अध्यक्ष सुनील वाल्मीकि, सर्वेश वाल्मीकि, महेंद्र, विनोद लाला, राजेश, ब्रिजेश वाल्मीकि, प्रमोद, रितिक, राजा वाल्मीकि, अशोक, संजय राज, प्रदीप राजहंस, परवेश सिंघानिया आदि शामिल रहे बैठक की अध्यक्षता सुनील वाल्मीकि एवं संचालन भावाधस के राष्ट्रीय प्रचार मंत्री कैलाश एकलव्य ने किया।

# एसडीएम ने राजस्व टीम की बैठक लेकर दिए निर्देश

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बिलारी।** नगर की तहसील स्थित सभागार में एसडीएम राज बहादुर सिंह लेखपालों की बैठक लेकर उनके कार्य की समीक्षा की और उनके दायित्वों को याद दिलाते हुए जिम्मेदारी सौंपीं।

मंगलवार को आयोजित बैठक में एसडीएम राज बहादुर सिंह ने लेखपालों को जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि जो भी लेखपाल हैं, वह अपने कार्य क्षेत्र में जमीनी स्तर पर शिकायत का निस्तारण करें, हवा में काम ना करें, उन्होंने कहा कि स्वामित्व योजना के अंतर्गत गांव में जो सर्वे चल रहा है, उसको लेकर कुछ गांवों के नक्शे जमा नहीं हुए हैं, वह लेखपाल घर घर पहुंच कर अपने कार्य को पूरा करें, कहा कि आइजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों का निस्तारण, आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र की समय से रिपोर्ट लगाएं। इसके अलावा उन्होंने सभी कार्य को लेकर कड़े निर्देश दिए। इस मौके पर तहसीलदार सारा अशरफ खान ने सभी लेखपालों को जिम्मेदारी सौंपी कि वह दीपावली से पहले अपने लक्ष्य को पूरा करें। इसके अलावा उन्होंने कहा कि आपका कोई भी एग्जाम होता है तो उसकी सूचना पहले देना ना कि एग्जाम वाले दिन ही व्हाट्सएप पर मैसेज डाल दिया कि हमारा आज पेपर है। बताते चलें कि कुछ लेखपालों ने पेट एग्जाम देने के चलते छुट्टी लेने का नया तरीका अपनाया था, लेखपाल ग्रुप पर लिख कर डाल दिया था कि आज हमारा पेट एग्जाम है, हम आज कार्य करने में असमर्थ रहेंगे। भविष्य में किसी भी एग्जाम के चलते उन्हें हिदायत दी गई है। इस दौरान मुख्य रूप से नायब तहसीलदार अनिल कुमार मिश्रा, आरके सतवीर सिंह, आर आई सैयद मोहम्मद अहमद आदि सहित अनेक लेखपाल मौजूद रहे।

# जन्मदिन पर याद किये गये सर सैयद अहमद खां साहब

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**अमरोहा।** फ्रेंड्स ऑफ़ अमरोहा वेलफेयर सोसाइटी की ओर से शहर के तैय्यब जूनियर हाई स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सर सैयद अहमद खां को याद किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता मुस्लिम कमेटी के सदर सरताज आलम मंसूरी एवं समाज सेवी डॉक्टर अमीन उल हक़ ने निभाई कार्यक्रम का सफल संचालन सैयद शिबान क़ादरी ने किया कार्यक्रम में आये अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी से शिक्षा प्राप्त मेहमानों का फूल माला डालकर स्वागत किया गया।

इस मौक़े पर मुख्य रूप से उपस्थित डॉक्टर मेहताब अमरोहवी, इंजी0खुर्रम हसन रिज़्वी, अली मोहताशिम रज़ा, मरग़ूब सिद्दीक़ी, नदीम सिद्दीक़ी, शाहरुख़ खाँ, अब्दुल वहाब सैफ़ी, क़ासिम खाँ, अमीर अब्बास, काशिफ़ खाँ, सैफुल्लाह एडवोकेट, अरफ़ा शजर, फ़ैज़ी खाँ, फ़ैज़ुद्दीन सिद्दीक़ी, फ़हीम नबी सिद्दीक़ी, नईम शेख़, इमदाद खान अहमद रज़ा खाँ, ज़ुहैब खाँ, फ़हीम सिद्दीक़ी दिलशाद मूवी, तंजीम ज़ैदी फैसल अहमद कार्यक्रम में उपस्थित रहे अलीगढ़ से शिक्षा प्राप्त किये हुए छोटे बड़े सभी लोगो ने सर सैयद अहमद खाँ की खूबियों पर अपने विचार रखे फ्रेंड्स ऑफ़ अमरोहा के अध्यक्ष मुहम्मद अहमद ज़ैदी, और उपाध्यक्ष हाजी क़मर नक़वी ने कार्यक्रम में आये सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

# नर्सरी स्थापना 1 हेक्टेयर हेतु धनराशि रू. 7.50 लाख का अनुदान देय

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बदायूँ।** ज़िला उद्यान अधिकारी पूजा ने अवगत कराया है कि नमामि गंगे योजनान्तर्गत गंगा के तटवर्ती विकास खण्ड दहगवॉ- दियोहरा शेखपुर, मालपुर ततेरा मुस्तकम, मलसई युसूफपुर मुस्तकम, टोंटपुर करसरी, विकास खण्ड कादरचौक- भूडा भदरौल, गढिया गंगवरार, इन्द्राई, जैतपुर पुख्ता, मझरा गंगवरार, विकास खण्ड उझानी- भैंसोरा, चन्दनपुर पुख्ता, हुसैनपुर पुख्ता, खजुरारा पुख्ता, ननाखेडा पुख्ता, पिपरौल पुख्ता, सराय स्वाले, सरौता, विकास खण्ड सहसवान-अब्बू नगर, औरंगाबाद टप्पा जामनी, भीकमपुर टप्पा जामनी, डकारा पुख्ता, जामनी, खिरवारी मानपुर पुख्ता, नगला बरन, नगला कोतल, नरसेना, नसीरपुर घिस्सू, पालपुर, रसूलपुर बेला, सुजातगंज बेला, सिठौलिया पुख्ता एवं विकास खण्ड उसावॉ- असमया रफतपुर, अटेना पुख्ता, भुण्डी, खजुरारा पुख्ता, खेडा जलालपुर खाम, खेडा किशनी खाम, खेडा किशनी पुख्ता, खिरिया हिमायूँ पुख्ता, सिधौली खाम, टिकाई पुख्ता ग्राम पंचायतों में 200 हे0 बागवानी के लक्ष्य प्राप्त हुए हैं। कृषक अपनी भूमि पर 0.2 से 1.0 हेक्टेयर तक बाग लगा सकते हैं।

कृषक बागवानों को नि:शुल्क पौध एवं 3000 रूपये प्रति हेक्टेयर के अनुपात में प्रोत्साहन अनुदान धनराशि 36 माह तक देय होगी एवं 01 नर्सरी का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। नर्सरी स्थापना 1 हेक्टेयर हेतु धनराशि रू0 7.50 लाख का अनुदान देय है। उन्होंने बताया कि कृषक अपनी निजी भूमि के प्रपत्र, आधार कार्ड, फोटो, बैंक पासबुक की छायाप्रति सहित किसी भी कार्यदिवस में नवीन कलेक्ट्रेट भवन कमरा नंबर-33 व 34 कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, बदायूँ में उपस्थित होते हुए पंजीकरण करा सकते हैं। कृषक स्वयं भी किसी कैफे आदि से भी उद्यान विभाग की बेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। कृषकों का लाभार्थी चयन प्रथम आवक-प्रथम पावक के आधार पर किया जायेगा।

# गरीब बेटियों की शादी के लिए इनरव्हील क्लब ने दिए उपहार

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**अमरोहा।** इनरव्हील क्लब ऑफ अमरोहा स्पार्कल पदाधिकारियों ने शादी से पहले तीन बेटियों को उपहार दिए। भविष्य में वैवाहिक जीवन के लिए मंगलकामना की। क्लब पदाधिकारियों की पहल को सभी ने सराहा।

क्लब अध्यक्षा प्रियंका अग्रवाल व सचिव योगेश मालीवाल ने कहा की क्लब स्तर पर आगे भी लगातार ऐसे प्रोजेक्ट किए जाते रहेंगे। इस दौरान रुनझुन अग्रवाल, सूचि मालीवाल, मोनिया गुर्दित्ता, नाविता मालीवाल, ज्योति माहेश्वरी, नैना गुप्ता, वैशाली रस्तोगी, अंचल अग्रवाल, शिवानी खंडेलवाल, स्वीटी गुर्दित्ता, रुचि गुर्दित्ता, रिन्नी गुप्ता, नैना अग्रवाल, निधि अरोड़ा, कविता अरोड़ा, तूलिका आर्या, गुंजन माहेश्वरी, राशि चांदना, पूजा गोयल आदि मौजूद रहे।

# रावण के पुतले का धूं-धूंकर हुआ दहन

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बिल्सी / बदायूँ।** तहसील बिल्सी क्षेत्रांतर्गत ग्राम में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया।

तहसील बिल्सी क्षेत्रांतर्गत ग्राम बेहटा गुसांईं में मंगलवार को बाजार वाले बाग के ग्राउंड में बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया गया। इस दौरान ग्राउंड में श्रीरामलीला एवं रायसती प्रबंध कमेटी बेहटा गुसांईं के तत्वाधान में राम, लक्ष्मण तथा दशानन (रावण) के बीच भीषण युद्ध हुआ। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा रणभूमि में रावण से भयंकर युद्ध करते हुए उसका वध किया गया। मेला परिसर में उपस्थित दर्शकों का उत्साह देखते ही बन रहा था, इस मौके पर उपजिलाधिकारी बिल्सी प्रवर्धन शर्मा, क्षेत्राधिकारी बिल्सी श्याम नारायण एवं थाना बिल्सी प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह धामा तथा भारी संख्या में पुलिस बल के साथ ही मेला मंत्री आदेश पुरी, प्रबंधक मूलचंद पाली, लाला भिकारीदास गुप्ता, कोषाध्यक्ष रामसेवक शाक्य, गंगाशरण गुप्ता, नवनीत पुरी, मुरारीलाल शाक्य, रामदास सागर तथा सोनू पुरी आदि मौजूद रहे।

# पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर मिल रहा है किसानों को सोलर पम्प

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बदायूँ।** उप कृषि निदेशक, बदायूँ दुर्गेश कुमार सिंह ने अवगत कराना है कि किसानों को प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पी.एम.-कुसुम) योजनान्तर्गत अनुदान पर सोलर पम्प हेतु ''पहले आओं-पहले सोलर पम्प पाओं'' के आधार पर 21.10.2022 को प्रात: 11:00 बजे से जनपद बदायूँ के लक्ष्य पूरा होने तक अनुदान पर सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग हेतु विभागीय वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीएग्रीकल्चर डॉट कॉम पर अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बुकिंग कर सकते है।। लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जाएगी। 2 एच.पी.डी.सी. सर्फेस सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 144526 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 43358 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 43358 सहित कुल 86716 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 57810 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 2 एच.पी.डी.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 147131 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 44139 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 44139 सहित कुल 88278 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 58853 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 2 एच.पी.ए.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 147927 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 44378 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 44378 सहित कुल 88756 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 59171 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 3 एच.पी.डी.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 194516 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 58355 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 58355 सहित कुल 116710 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 77806 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 3 एच.पी.ए.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 193460 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 58038 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 58038 सहित कुल 116076 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 77384 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 5 एच.पी.ए.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 273137 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 81941 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 81941 सहित कुल 163882 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 109255 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 7.5 एच.पी.ए.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 372126 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 111638 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 111638 सहित कुल 223276 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 148850 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा। 10 एच.पी.ए.सी. सबमर्सिबल सर्फेस सोलर पम्प के लिए निर्धारित मूल्य 464304 है, जिसमें राज्य सरकार द्वारा 111638 रुपए तथा केन्द्र सरकार द्वारा 111638 सहित कुल 223276 रुपए का अनुदान दिया जा रहा है, इसमें मात्र 241028 रुपए का इसमें कृषक अंश रहेगा।

जिसकी पात्रता एवं शर्तें यह हैं कि योजना का लाभ उठाने हेतु कृषकों का विभागीय वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीएग्रीकल्चर डॉट कॉम पंजीकरण होना अनिवार्य है। कृषकों की बुकिंग जनपद के लक्ष्य की सीमा से 200 प्रतिशत तक पहले आओं-पहले पाओं के सिद्धान्त पर की जायेगी। सर्वप्रथम प्रतीक्षा सूची के कृषकों का चयन किया जायेगा। जनपद में सिंचाई हेतु विद्युत रहित क्षेत्रों में प्रयोग किये जा रहे डीजल पम्प अथवा अन्य सिंचाई साधनों को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकेगा। दोहित एवं अतिदोहित क्षेत्रों में नये सोलर पम्पों की स्थापना नही की जायेगी किन्तु यदि कृषक सूक्ष्म सिंचाई तकनीकी का प्रयोग करें। तो पूर्व से स्थापित डीजल पम्प सेटो को सोलर पम्प में परिवर्तित किया जा सकता है। अनुदान पर सोलर पम्प की ऑनलाइन बुकिंग हेतु विभागीय वेबसाइट डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट यूपीएग्रीकल्चर डॉट कॉम पर ''अनुदान पर सोलर पम्प हेतु बंकिंग करें'' लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन बुकिंग की जायेगी। ऑनलाइन टोकन जनरेट करने के उपरान्त कृषक को चालान के माध्यम से कृषक अंष की धनराषि एक सप्ताह के अन्दर किसी भी इंडियन बैंक की शाखा में जमा करनी होगी, अन्यथा कृषक का चयन स्वत: निरस्त हो जायेगा। 2 एच.पी. हेतु 4 इंच, 3 एवं 5 एच.पी. हेतु 6 इंच, तथा 7.5 एवं 10 एच.पी. हेतु 8 इंच की बोरिंग होना अनिवार्य है। बोरिंग कृषक को स्वयं करानी होगी। 22 फिट तक 2 एच.पी. सर्फेस, 50 फिट तक 2 एच.पी. सबमर्सिबल, 150 फिट तक 3 एच.पी. सबमर्सिबल, 200 फिट तक 5 एच.पी. सबमर्सिबल, 300 फिट तक की गहराई पर उपलब्ध जल स्तर हेतु 7.5 एच.पीत्र तथा 10 एच.पी. सबमर्सिबल सोलर पम्प उपयुक्त होते है।


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार-पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आवस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो दैनिक उत्तर केसरी के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। -प्रबंधक विज्ञापन



प्रधान सम्पादक: तमन्ना खन्ना
सह सम्पादक : वर्षा खन्ना
सागर खन्ना

स्वामित्व, सम्पादक, मुद्रक,
श्याम सरन खन्ना
द्वारा केसरी पब्लिकेशन (प्रेस) मौहल्ला अताई, मुरादाबाद से मुद्रित कराकर ''उत्तर केसरी'' कार्यालय मौहल्ला अताई, मुरादाबाद से प्रकाशित
सम्पादक : श्याम सरन खन्ना
मो. : 9359443430, 9412248407
E-mail
uttarkesari@gmail.com
dailyuttarkesari@yahoo.com
भारत सरकार द्वारा पंजीकृत संख्या
UPHIN/2004/13830
पोस्टल रजिस्ट्रेशन संख्या :
UP/MRD DN-19
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के आधीन होंगे।

कोरोना वायरस
इस तरह करें बचाव

# सर सैयद डे सेलिब्रेशन : हॉकी में जीआईसी ने दर्ज की जीत

**( उत्तर केसरी संवाददाता )**

**मुरादाबाद।** सर सैयद डे के अवसर पर जिला हॉकी संघ अतहर खां सपोर्ट सोसाइटी के द्वारा हॉकी मैच का आयोजन सर सैयद डे सेलिब्रेशन हॉकी मैच जीआईसी और हॉकी नर्सरी मुरादाबाद के बीच खेला गया। संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीआईसी ने दो के मुकाबले तीन गोलों से जीत दर्ज की।

मुख्य अतिथि सैयद आसिफ हसन शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के एम्पलाई ऑफिसर्स एसोसिएशन के मांडलिक अध्यक्ष रहे। इनके अतिरिक्त अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के डॉक्टर सुल्तान और एसडीबीआई इंटर कॉलेज के मुबारक हुसैन, फईम खा, राजू भटनागर, अभिषेक, विपिन, पूर्व खिलाड़ी डॉक्टर कौशल, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र नागेंद्र सिंह, फहीम खान, इंडियन पब्लिक स्कूल के स्पोर्ट्स टीचर फहीम खान, सैयद अमान अली, बेसिक शिक्षा विभाग के खेल इंचार्ज, जिला हॉकी संघ के सचिव इकबाल खां आदि मौजूद रहे।

समाजसेवी मशहूर खा ने बच्चों को बताया कि सर सैयद अहमद खान की पहली पसंद मुरादाबाद शहर था लेकिन बदकिस्मती रही मुरादाबाद की यहां के लोगों ने सर सैयद अहमद खान को समझा नहीं और वह यूनिवर्सिटी मुरादाबाद में ना बनकर अलीगढ़ में बनी।

इकबाल खा ने अपने भाषण में बच्चों को बताया अलीगढ़ से मुरादाबाद का गहरा नाता है।

1875 में सर सैयद अहमद खान ने एम ए ओ कॉलेज की स्थापना की जो 1920 में अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी में तब्दील हुई। सर सैयद अहमद खान के इंतकाल के बाद उनके साथियों ने उनके उस मिशन को आगे बढ़ाया।

अंत में बच्चों ने एएमयू का तराना सुनाया और बच्चों को हॉकी संघ और सोसायटी की ओर से बड़े बच्चों को 37 इंच तथा छोटे बच्चो को 34 इंच और 30 इंच की हॉकिया पुरुस्कार के रूप मैं बांटे गई।

# 12 नवंबर को लगेगी इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत : सचिन कुमार दीक्षित

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मुरादाबाद के सचिव नेग्राम प्रधान को पत्र भेजकर दी राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मुरादाबाद के सचिव सचिन कुमार दीक्षित ने मुरादाबाद जनपद के समस्त सम्मानित ग्राम प्रधान को पत्र भेजकर बताया कि

इस वर्ष की अंतिम राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 12 नवंबर को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित होगी। सचिन कुमार दीक्षित ने पत्र में ग्राम प्रधानों से कहा कि आप अपने ग्राम में सभी ग्रामवासियों को राष्ट्रीय लोक अदालत के महत्व के विषय में बतायें और यदि उनके मामले चाहे वो जिला अदालत में हों या राजस्व अदालत में विचाराधीन हों , उनको आपसी वार्ता सुलह समझौते से समाप्त कर सकते हैं।

सचिन कुमार दीक्षित ने आगे कहा कि 12 नवंबर को जनपद न्यायालय परिसर में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, इसमें आपराधिक शमनीय वाद, तुच्छ प्रकृति के आपराधिक वाद, स्टाम्प वाद, राजस्व वाद, बैंक ऋण वसूली वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, उपभोक्ता फोरम वाद, वैवाहिक पारिवारिक वाद, टैक्स से संबन्धित मामले, बिजली चोरी वाद, चेक बाउंस से सम्बंधित धारा 138 एनआई एक्ट के वाद, चालान मामले, श्रम विवाद, जलकर वाद, प्ली बारगेनिंग हेतु दंड वाद, प्री-लिटिगेशन के माध्यम से ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नहीं आये हैं, सिविल प्र ति के वाद, उत्तराधिकार सम्बंधी मामले, आदि प्रकरण आपसी सुलह समझौते के माध्यम से हल किये जाते हैं। अधिक जानकारी के लिये आप 8909700444 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

# मॉडल पब्लिक स्कूल में हुआ फुटबॉल मुकाबला

**( उत्तर केसरी संवाददाता )**

**मुरादाबाद।** मॉडल पब्लिक स्कूल में चलने वाले फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन शकील अहमद और सुशील कुमार सिंह ने मैदान में पहुंचकर बच्चों से हाथ मिलाकर किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं।

मंगलवार को हुए फुटबॉल मैच में 6 से ज्यादा टीमों ने भाग लिया, जिसमें एएच इलेवन और विनस स्कॉलर होम 1-0 से जीत हासिल की।

# बड़ी उपलब्धि : भारतीय रेलवे की चौथी सबसे लंबी 10.18 किमी सुरंग का हुआ ब्रेक-थ्रू

### जम्मू एवं कश्मीर में कटरा-बनिहाल सैक्शन के बीच संगलदन और सुम्बर स्टेशनों के बीच हैं 10.18 किमी लंबी सुरंग

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अधिकारी दीपक कुमार ने उत्तर रेलवे ने जम्मू एवं कश्मीर में कटरा-बनिहाल सैक्शन के बीच संगलदन और सुम्बर स्टेशनों के बीच भारतीय रेलवे की चौथी सबसे लंबी सुरंग (10.18 किमी) का ब्रेक-थ्रू कर एक बड़ी उपलबधि हासिल की। यूएसबीआरएल परियोजना में रेलवे के लिए एक और बड़ी उपलब्धि हैं।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक आशुतोष गंगल ने बताया कि उत्तर रेलवे ने मंगलवार को यूएसबीआरएल परियोजना के कटरा-बनिहाल सैक्शन पर संगलदन और सुम्बर स्टेशनों के बीच भारतीय रेलवे की चौथी सबसे लंबी सुरंग, टनल टी-48 का ब्रेक-थ्रू कर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की । ब्रेक-थ्रू के दौरान सुरंग की लाइन और लेवल सटीक तरह से हासिल किया गया। ोड़े की नाल के आकार की यह सुरंग उत्तर की ओर सुंबर स्टेशन यार्ड और दक्षिण की ओर धरम गांव चिंजी नाला पर ब्रिज नंबर 1 को जोड़ती है। सुरंग के भीतर का रूलिंग ग्रेडियेंट 80 में 01 है । सुरंग की खुदाई का कार्य दो छोरों अर्थात् धर्म प्रवेश द्वार 328 मीटर और कोहली प्रवेश द्वार 829 मीटर से शुरू किया गया था ।

टनल टी-48 एक जुड़वां ट्यूब सुरंग है जिसमें मुख्य सुरंग 10.186 किलोमीटर और 24 क्रास-पैसेज से जुड़ी एस्केप टनल 9.788 किलोमीटर शामिल है। सुरंग का निर्माण अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार किया गया है, इसमें आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव और राहत कार्यों हेतु प्रावधान किया गया है । सुरंग युवा हिमालय के रामबन फार्मेशन और सुरंग टी-48 के दक्षिणी छोर पर स्थित मुरी थ्रस्ट से होकर गुजरती है, जहां चिनजी नाला टी-47 पी-2 और टी-48 पी-1 के बीच से होकर गुजरता है । चिनाब नदी की सहायक नदियों जैसे भीमदासा, बगदीशा और कोहली नाला आदि इसके साथ-साथ गुजरते हैं जिससे खनन एक अत्यधिक चुनौतीपूर्ण कार्य बन जाता है।

मंगलवार को मुख्य प्रशासनिक अधिकारी यूएसबीआरएल एसपी माही, इरकान के निदेशक पराग वर्मा और उनकी टीम के साथ उत्तर रेलवे की टीम, इरकान के अधिकारी और मैसर्स जीईसीपीएल की मौजूदगी में सुरंग का ब्रेक-थ्रू किया गया।

# वडोदरा-हरिद्वार के मध्य 22 अक्टूबर से चलेगी त्यौहार सुपर फास्ट स्पेशल ट्रेन

**मुरादाबाद (उत्तर केसरी)।** उत्तर रेलवे मुरादाबाद रेल मंडल के वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक कोचिंग सुधीर सिंह ने बताया कि वडोदरा-हरिद्वार-वडोदरा के मध्य त्यौहार सुपर फास्ट स्पेशल रेलगाड़ी चलेगी।

सीनियर डीसीएम सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि सर्वसंबंधित को सूचित किया जाता है कि आगामी त्यौहारों के अवसर पर रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन तथा अतिरिक्त भीड़-भाड़ के निकासी के लिए रेलवे वडोदरा-हरिद्वार-वडोदरा के लिए निम्न-अनुसार सुपर फास्ट स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन करेगा। उन्होंने बताया कि रेलगाड़ी संख्या 09129 वडोदरा-हरिद्वार सुपर फास्ट स्पेशल रेलगाड़ी शनिवार 22 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 5 नवम्बर तथा 12 नवम्बर को सायं 7 बजे वडोदरा स्टेशन से प्रस्थान करेगी।

# हरिश्चंद्र वंशीय महिला सभा सखी ने रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मनाया दिवाली धमाका

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** हरिश्चंद्र वंशीय महिला सभा सखी मुरादाबाद शाखा का दीवाली धमाका सैलीब्रेशन मंगलवार को फ्लेवर्स रेस्टोरेंट में धूमधाम से आयोजित किया गया।

रेट्रो थीम पर आधारित इस सभा का आरंभ अध्यक्ष मनिका रस्तोगी, महामंत्री प्रियंका रस्तोगी के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अनीता रस्तोगी व साधना रस्तोगी ने महाराजा हरिश्चंद्र जी के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। कार्यक्रम का संचालन मनिका व प्रियंका ने किया। सांस्कृतिक मंत्री पायल रस्तोगी के साथ शिखा रस्तोगी व अंजू रस्तोगी ने मनोरंजक कार्यक्रमों से समां बांधे रखा। कालेज गर्ल्स निशी, नीतू, मनिता की नाटिका ने माहौल हंसी से सराबोर कर दिया। अस्सी के दशक के गानों पर मेडली में शानदार गीतों की पेशकश सबको पुराने जमाने की मस्ती में ले गयी। प्रियंका द्वारा रामायण हाउजी मंत्रमुग्ध करने वाली रही। सभी प्रतिभागियों को विशेष थीम उपहार दिये गये। मनिका, पायल, रितु, श्वेता, पारुल आदि के नृत्यों ने माहौल रंगीन बना दिया। स्वादिष्ट भोज के साथ व दीपावली शुभकामनाओं के साथ सभा सम्पन्न हुई। राखी दिव्या लीना शालू पल्लवी सीमा आदि का सक्रिय सहयोग रहा।

# उ.प्र. माध्यमिक शिक्षक संघ सेवारत ने 25 अक्टूबर का अवकाश घोषित करने की मांग उठाई

### प्रदेश महामंत्री डा. सुनीत गिरि के नेतृत्व में डीएम से मिला प्रतिनिधिमंडल

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ (सेवारत), मुरादाबाद द्वारा प्रदेश महामंत्री डा. सुनीत गिरि के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा जिलाधिकारी मुरादाबाद को एक ज्ञापन सौंपा प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश मंत्री डश्वक्टर अनिल चौहान, मंडल अध्यक्ष अनिल कुमार, जिला अध्यक्ष सुखबीर सिंह जिला मंत्री पुष्पेश मिश्र, जिला कोषाध्यक्ष राकेश वर्मा, आय-व्यय निरीक्षक फैसल मसरूर,संगठन मंत्री मयंक त्यागी उपस्थित रहे।

जिला मंत्री पुष्पेश मिश्र ने बताया कि इस बार दीपावली पर्व 24 अक्टूबर दिन सोमवार को मनाया जा रहा है। इस पर्व के अगले दिन गोवर्धन पूजा का अवकाश होता है परंतु इस वर्ष अगले दिन सूर्य ग्रहण होने के कारण गोवर्धन पूजा 26 अक्टूबर को होनी है। गोवर्धन पूजा से अगले दिन 27 अक्टूबर को भाई दूज का अवकाश है। इस वर्ष दीपावली से अगले दिन सूर्य ग्रहण होने के कारण 25 अक्टूबर का अवकाश नहीं हैं। मांग की गई कि माध्यमिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में भी 25 अक्टूबर का अवकाश घोषित किया जाए।

# टीएमयू में स्थापित होगी गुरु श्री आत्म वल्लभ समुद्र सूरि जैन अक्षय निधि पीठ

**( उत्तर केसरी संवाददाता )**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में कार्तिक वदि नवमी पर इतिहास दर्ज होने जा रहा है। यूनिवर्सिटी का ऑडी आस्था और शिक्षा के संगम का गवाह बनेगा। श्वेताम्बर विचारधारा के तीन बड़े संतों- श्री आत्म - वल्लभ - समुद्र सुरिश्वर जी महाराज साहेब जी के नाम जैन अक्षय निधि पीठ स्थापित होने जा रही है। इस जैन अक्षय निधि पीठ के तहत जैन मतावलंबी स्टुडेंट्स रिसर्च कर सकेंगे । इस ऐतिहासिक अवसर पर तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी और श्री ओस्तरा पार्श्वनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक ट्रस्ट के बीच एमओयू साइन होगा।

इस ख़ास मौके पर देशभर से श्वेतांबर धारा से संबद्ध सैकड़ों भक्त के संग संग आचार्य श्रीमद् विजय धर्म धुरंधर सूरीश्वर जी महाराज साहेब और टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

इस प्रोग्राम में साधु - साध्वी वृन्द के अलावा यूपी , पंजाब , हरियाणा , गुजरात , राजस्थान , महाराष्ट्र, जम्मू, दिल्ली आदि राज्यों से डेलीगेट्स आएंगे।

आचार्य श्रीमद् विजय इंद्रदिन्न सूरिश्वर जी महाराज साहेब का जन्म शताब्दी वर्ष का शुभारंभ प्रात: साढ़े पांच बजे 100 दीपकों के प्रज्जवलन के संग होगा।

# भारत विकास परिषद मुरादाबाद शाखा ने मनाया दीपोत्सव

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** भारत विकास परिषद मुरादाबाद शाखा द्वारा दीपोत्सव कार्यक्रम होटल राही दिल्ली रोड पर हर्ष उमंग और खुशियों के साथ मनाया गया, कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन ,स्वामी विवेकानंद एवं भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण के साथ किया गया तत्पश्चात महिला संयोजिका श्रीमती शिखा अग्रवाल द्वारा बच्चों व सदस्यों को विभिन्न गेम खिलाए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने सुंदर रंगोली भी बनाई कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने डांडिया का आनंद लिया तथा सेल्फी प्वाइंट पर फोटो भी खिंचवाई ।

दीपावली पूजन श्री हरि गोपाल शर्मा जी द्वारा कराया गया साथ ही सभी सदस्यों ने स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में सभी सदस्यों को हाथ से बने मिट्टी के सुंदर रंगीन दीपक भेंट किए गए। कार्यक्रम का संचालन महिला संयोजिका श्रीमती शिखा अग्रवाल, सहयोग श्रीमती श्वेता कोठीवाल एवं मनीष अग्रवाल जी ने किया। कार्यक्रम में श्री आलोक अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, संजीव अग्रवाल, राजुल अग्रवाल, नीरज मित्तल, अशोक गुप्ता, सुनीता गुप्ता, संजीव आकांक्षी, सर्वेश अग्रवाल, विवेक शर्मा, संजीव अग्रवाल, सुमित अग्रवाल, सचिन अग्रवाल, योगेश कोठीवाल आदि उपस्थित ।

# नगर विधायक रितेश गुप्ता के बेटे व युवा निर्यातक कुंवर अनिरुद्ध सिल्वर ट्राफी से सम्मानित

ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में 54 वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम 2022 के समापन पर मिला सम्मान

### कुंवर अनिरुद्ध अग्रवाल व पार्थ अग्रवाल को हस्तशिल्प विकास आयुक्त शांतमनु ने लैंप लाइटिंग एंड एसेसीरिज श्रेणी में बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड (अजय शंकर मेमोरियल अवार्ड) दिया

**निमित जायसवाल**

**मुरादाबाद (उत्तर केसरी)।** मुरादाबाद नगर विधानसभा से नगर विधायक रितेश गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता के बेटे व युवा निर्यातक कुंवर अनिरुद्ध अग्रवाल को ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में 54 वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम 2022 के समापन पर अजय शंकर मेमोरियल अवार्ड (सिल्वर ट्राफी) से बतौर मुख्य अतिथि भारत सरकार में हस्तशिल्प विकास आयुक्त शांतमनु ने सम्मानित किया। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर में 14 अक्टूबर से आयोजित हो रहे पांच दिवसीय 54 वें आईएचजीएफ दिल्ली मेला-ऑटम 2022 का मंगलवार को समापन हुआ।

जिसमें 11 उत्पाद श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ डिजाइन प्रदर्शन के लिए अजय शंकर और पीएन सूरी मेमोरियल पुरस्कार दिए गए। अवार्ड सेरेमनी के दौरान खरीदारों को भी सम्मानित किया गया जिनमें फ्रांस से मिस्टर फैब्रिस काटेट, जर्मनी से सुश्री क्रिस्टीन शायर, यूनाइटेड किंगडम से मिस्टर इयान डाइक्स, संयुक्त अरब अमीरात से मिस्टर ओलाकोट नौशाद और मिस्टर हाउसन तरब शामिल रहे।

वहीं लैंप लाइटिंग एंड एसेसीरिज श्रेणी में बेस्ट डिस्प्ले अवार्ड अजय शंकर मेमोरियल अवार्ड (सिल्वर ट्राफी) से मुरादाबाद नगर विधानसभा से नगर विधायक रितेश गुप्ता और भारतीय जनता पार्टी बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की महानगर संयोजिका अल्पना रितेश गुप्ता के बेटे व युवा निर्यातक कुंवर अनिरुद्ध अग्रवाल व पार्थ अग्रवाल को मुख्य अतिथि भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय के हस्तशिल्प विकास आयुक्त शांतमनु ने सम्मानित किया गया।

इस मौके पर ईपीसीएच के अध्यक्ष राज कुमार मल्होत्रा ने साझा किया कि अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग समुदाय द्वारा अपनी तरह के एक प्रमुख व्यापार मंच के रूप में लगातार, विश्व स्तर पर प्रशंसित आईएचजीएफ दिल्ली मेला अपने 3034 प्रदर्शकों इनक्लूडिंग परमानेंट मार्टस, क्षेत्रीय प्रदर्शनों और कई सहायक कार्यक्रमों के साथ अपने 54 वें संस्करण संपन्न हुआ ।

# रोटरी क्लब मुरादाबाद साउथ का हर सदस्य एक गरीब परिवार की दीपावली मनाने में करेगा मदद

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** रोटरी क्लब मुरादाबाद साउथ का दीपावली उत्सव मंगलवार को सिल्वर स्पून रेस्टौरेंट में धूमधाम से मनाया गया। निर्णय लिया गया कि हर सदस्य एक गरीब परिवार की दीपावली मनाने में मदद करेगा। उत्सव का उद्घाटन क्लब सदस्यों द्वारा 51 दीपकों की दीपमालिका बनाकर किया गया उत्सव में क्लब की महिला सदस्यों ने अपने नृत्य से छटा बिखेरी । प्रश्नोत्तरी तथा रोचक गेम्स में 40 रोटेरियन ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर लक्ष्मी माता ,गणेश जी और सरस्वती जी के खिताब भी रोटेरियनस को दिए गए।

कपल डान्स का आयोजन सर्वाधिक रोमांचित करने वाला रहा। अध्यक्ष राजीव अग्रवाल ने ईको फ्रेंडली दीपावली मनाने पर जोर दिया वहीं क्लब सचिव तृप्ति रस्तोगी ने इस बार दीपावली गरीब बच्चों के साथ मनाने और उन्हें मिष्ठान्न व सामग्री वितरण करने के निर्णय की जानकारी दी। समारोह का संचालन व संयोजन ऋचा शर्मा एवं देवेंद्र शर्मा ने किया रेनू अग्रवाल, ज्योत्सना शर्मा, खुशबू, सीमा रस्तोगी व अंजू अग्रवाल को खिताब दिये गये। धन्यवाद ज्ञापन मनोज रस्तोगी ने किया।

असिस्टेंट गवर्नर डा. काव्य सौरभ जैमिनी ने रोटरी की आगामी योजनाओं की जानकारी दी। शुभम,मनोज कुमार ,अरविंद गुप्ता, कुलदीप रस्तोगी ,,मोहन लाल सैनी, रमेश अग्रवाल, राजीव खन्ना, नरेश सिंह, कमल अग्रवाल, मनवीर छाबड़ा, रिचा शर्मा ,पूनम गुप्ता आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शोध पद्धति को सम्मिलित किया गया : डा. ऋतु दीक्षित

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** दयानंद डिग्री कालेज मुरादाबाद के समाजशास्त्र विभाग द्वारा 'शोध पद्धति शास्त्र' विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डा. जौली गर्ग द्वारा दीप प्रज्वलन तथा सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण करके किया गया। प्राचार्या डा. जौली गर्ग ने इस कार्यशाला को छात्रोंपयोगी बताया।

समाजशास्त्र विभाग की प्रभारी डा. ऋतु दीक्षित ने छात्राओं को इस कार्यशाला के उद्देश्य तथा महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों को लेखन कला कौशल के विकास हेतु पाठ्यक्रम में शोध पद्धति को सम्मिलित किया गया। कार्यशाला भविष्य में शोध हेतु सहायक होगी। प्रथम दिवस डा. संतोष सिंह द्वारा शोध एवं सर्वेक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि तथ्य एवं तथ्यों का सत्यापन क्या है। कार्यशाला के द्वितीय दिवस डा. अभिलाषा बाजपेई जी द्वारा शोध पद्धति के विभिन्न चरणों तथा तथ्य संकलन की प्रविधियों से छात्राओं को परिचित कराया गया। कार्यशाला में छात्राओं के सरल रूप से शोध करने हेतु प्रेरित किया गया। विभाग प्रभारी डा. रितु दीक्षित ने लघु शोध हेतु छात्राओं को अनेक महत्वपूर्ण टापिक सुझाए।

कार्यशाला में छात्राओं ने उत्साह पूर्वक बड़ी संख्या में भाग लिया ।जिनमें वैशाली, दिव्या, दीक्षा, ज्योति , प्रीति, लुबना, गार्गी,अमरीन आदि छात्राएं ने भाग लिया।

# प्रयास स्कूल में सजी दीपावली प्रदर्शनी

### बच्चों के अभिभावकों व उनके मित्रों ने जमकर खरीदारी की

**(उत्तर केसरी संवाददाता)**

**मुरादाबाद।** दीपावली के शुभ अवसर पर गांधीनगर में विशेष बच्चों के लिए संचालित प्रयास स्कूल में दीपावली प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। स्कूल की शिक्षिकाओं के सहयोग से स्कूल के बच्चों के द्वारा बनाई गई विभिन्न वस्तुओं को स्टाल लगाकर प्रदर्शित किया गया। बच्चों ने रंगोली, रंग बिरंगे सजे लिफाफे, दीवले, फूल बत्ती, सीडी दिए पानी पर तैरने वाले दिए, चमकदार रंग बिरंगी बंदरबार आदि तैयार की थी। बच्चों के अभिभावकों व उनके मित्रों ने जमकर खरीदारी की। इसके साथ ही सभी बच्चों ने भी खूब आनंद लिया। इस मौके पर प्रधानाचार्य पूनम अग्रवाल, शिक्षिका विनीता अग्रवाल, निशी रस्तोगी, अर्पण अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं सुरेंद्र और शीला का भी सहयोग रहा।

## सम्पादकीय

# मेडिकल में हिंदी

**केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भोपाल में एमबीबीएस कोर्स से जुड़े तीन विषयों की हिंदी किताबें जारी कीं। मध्य प्रदेश पहला राज्य है जहां मेडिकल की पढ़ाई हिंदी माध्यम से कराने का फैसला लागू किया गया है। यह फैसला नैशनल एजुकेशन पॉलिसी के तहत लिया गया है, जिसके मुताबिक तकनीकी विषयों की उच्च शिक्षा मातृभाषा में दिए जाने की बात है। जल्दी ही मेडिकल की पढ़ाई अन्य भारतीय भाषाओं में भी शुरू होगी। निश्चित रूप से यह एक बड़ी पहल है। इसके पक्ष में दिए जा रहे इस तर्क में भी दम है कि अगर जर्मनी, जापान, फ्रांस जैसे देश अपनी-अपनी भाषाओं में विज्ञान और तकनीक की पढ़ाई से इतना आगे बढ़ सकते हैं तो भारतीय भाषाओं में ये विषय क्यों नहीं पढ़ाए जा सकते?**

**अभी तक अड़चन यह बताई जा रही थी कि इन विषयों के कोर्स मटीरियल हिंदी और अन्य भारतीय भाषाओं में हैं ही नहीं। इसी समस्या के हल के रूप में तीन विषयों की हिंदी पुस्तकें जारी की गई हैं। यह तो बस शुरुआत है, ऐसी और किताबें आएंगी। बहरहाल, इस शुरुआत का मतलब यह नहीं माना जा सकता कि आगे की समस्याएं विलुप्त हो गई हैं या वे कम गंभीर हैं। अगर गृहमंत्री अमित शाह द्वारा जारी की गई किताबों पर ही गौर किया जाए तो इसने कुछ हलकों में बहस अभी से शुरू करा दी है। एक पुस्तक का नाम कवर पर दिख रहा है- एनाटॉमी, एब्डॉमन और लोअर लिम। पूछा जा रहा है कि क्या लिपि बदलना ही भाषा बदलना है? क्या एनाटॉमी के लिए शरीर रचना लिखना इतना मुश्किल होता कि स्टूडेंट्स नहीं समझ पाते? लेकिन सवाल सिर्फ एक एनाटॉमी का नहीं है। ऐसे तमाम टर्म आएंगे, जिनके अनुवाद से स्टूडेंट्स में ही नहीं टीचर्स के बीच भी भ्रम की स्थिति पैदा हो सकती है।**

**लिहाजा जहां तक हो सके टर्म को ज्यों का त्यों अपनाते हुए चलना ही फायदेमंद होगा या इनके लिए मानक शब्द रखने होंगे। आखिर विभिन्न माध्यमों से मेडिकल की पढ़ाई करने वाले स्टूडेंट्स जब फील्ड में एक्टिव होंगे और इनमें आपसी संवाद होगा तो इनके बीच इस तरह की खाई नहीं बननी चाहिए कि एक-दूसरे की बात ही समझ में न आए। इसके अलावा अपने देश में एक समस्या हिंदी लादे जाने के वास्तविक या काल्पनिक डर की भी है जिसकी झलक तमिलनाडु और तेलंगाना जैसे राज्यों से उठ रही आपत्तियों में अभी से मिलने लगी है। इसलिए बेहतर होगा कि इस फैसले को भाषाई गर्व से ना जोड़ा जाए। एक सवाल यह भी है कि मेडिकल साइंस में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नई रिसर्च होती रहती हैं। उन्हें हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में मेडिकल की पढ़ाई करने वालों तक कैसे पहुंचाया जाएगा। अच्छा होगा कि इस बारे में भी सोचा जाए।**

# कृपया ध्यान दें : नशे की बूंद और टूटती सांसे

कल नशा मुक्त भारत आभियान कौशल का.... दो वर्ष पूर्ण कर रहा है, उसके लिए सभी देशवासियों से आग्रह है आइए मिलकर हमें अपने स्कूलों में नशा मुक्ति शपथ बच्चों को दिलानी है, ताकि देश से सफलतापूर्वक नशे को भगाया जा सके बच्चों को कराई गई शपथ, शायद उन्हें अपने जीवन के अंधेरे मोड़ पर याद रहे जहां उन्हें यह निर्णय लेना हो कि क्या सही है और क्या गलत .....

.आइए मिलकर अपने विद्यालयों के बच्चों को कल प्रार्थना के समय यह शपथ दिलाये कि हम जीवन में कभी नशा नहीं करेंगे और अपने गांव को अपने समाज को और अपने देश को नशा मुक्त बनाएंगे

स्कूल, कॉलेज के बच्चों को , अपने पड़ोसियों, अपने व्यवसाय के साथियों को, अपने पत्रकार बंधुओं को, तथा अपने साथियों को शपथ दिलाते हुए छोटा सा वीडियो और फोटो के माध्यम से संदेश सभी तक पहुंचाएं।

बता दूं नशा मुक्ति अभियान , हिंदुस्तान नशा छोड़ो अभियान 19 अक्टूबर को 2020 को शुरू किया गया था ।माननीय शहरी आवासन एवं कार्य राज्य मंत्री कौशल किशोर जी के मझले पुत्र आकाश किशोर उर्फ जेबी की आकस्मिक मृत्यु की स्मृति में।

जिस प्रकार आकाश किशोर कम उम्र में अपने परिवार को छोड़कर चले गए उसी प्रकार कोई अन्य युवा नशे की लत में फंसकर अपने परिवार को दुख की स्थिति में छोड़कर ना जाए।

आइए मिलकर नशा मुक्त भारत बनाने की शपथ लें

आपको जीवंत कहानी स्वर्गीय आकाश किशोर उर्फ जैबी की आत्मा की सजीवता से सुनाते है।

मैं आकाश किशोर उर्फ जेबी हूं।

मेरे मम्मी पापा ने मुझे बड़ी हसरत से बहुत दुख झेल कर पाला था बड़ा किया था। पढ़ाने का भी प्रयास किया मगर इंटर तक ही शिक्षा ग्रहण कर पाया। मैं जो कुछ भी करता था मेरे मम्मी पापा सब कुछ मानते थे। मेरे पास किसी चीज की कमी नहीं थी। मम्मी पापा मेरे भाई मेरे परिवार के लोग चाचा और बड़े बाबू, छोटे बाबू, मेरे चचेरे भाई-बहन मुझे बहुत चाहते थे। मेरी बहुत चिंता करते थे। मैं बगैर बताए कहीं भी चला जाता था जब तक नहीं आ जाता था तब तक पता लगाते रहते थे। मम्मी-पापा ने मेरी शादी बहुत धूमधाम से की। मेरी शादी में इतने ज्यादा लोगों को आमंत्रित किया गया कि लगभग 40-50 हजार लोग प्रीतिभोज में सम्मिलित हुए। सबने मुझे सुखी रहने का और मेरी पत्नी को सौभाग्यवती होने का बेहतर जिंदगी एक नई जिंदगी जीने का आशीर्वाद दिया। लेकिन मैं आज नहीं हूं, मैं स्वर्गीय हो गया हूं, मेरी पत्नी अब सौभाग्यवती नहीं रही विधवा हो गई है। मेरे मम्मी-पापा मेरे सभी भाई एवं सभी परिवार के सदस्य मेरे न रहने पर तड़प रहे हैं। इस सब का दोषी मैं हूं। मम्मी-पापा का पूरे परिवार का सब कुछ कहना मैंने माना लेकिन एक कहना नहीं माना, मैं चोरी छुपे शराब पीता रहा जिससे मेरा लीवर कमजोर हो गया। मेरे शरीर की छमता शराब पीने लायक नहीं थी। मैने फिर से शराब पीना शुरु कर दिया। इस बीच मेरे पापा करोना पॉजिटिव हो गए। इसके लिए पापा को दो बार अस?पताल में भर्ती होना पड़ा। मेरे पापा को मौत के मुंह से निकल कर एक नई जिंदगी मिली। मगर मैं इस बीच शराब फिर से पीने लगा, जो मेरे लिए जहर थी। मेरे घरवाले जान नहीं पाते थे। कुछ लोगों को फोन करके मैं शराब मंगा लेता था, और चोरी-छिपे पी लेता था। नतीजा यह निकला कि मुझे फिर से ज्वाइंडिस हो गया। मैंने अपने पापा को बताया। पापा ने डॉक्टर से बात करके मेरा करोना टेस्ट कराया। शनिवार 17 अक्टूबर 2020 को सुबह मुझे खून की उल्टी हुई। मैंने पापा से बताया पापा ने मेरे भाइयों को तत्काल शताब्दी हॉस्पिटल में भेज कर मुझे भर्ती कराया। मेरे पेट में ब्लीडिंग हो रही थी। डॉक्टर साहब ने एंडोस्कोपी करके मेरा बहता हुआ खून बंद किया। खून की बहुत कमी आ गई थी। मेरे भाई मेरे मित्रों ने खून देकर मुझे बचाने का प्रयास किया। डॉक्टरों के लाख प्रयास करने पर भी मैं अपनी पत्नी अपने भाइयों और दोस्तों से बात करते अचानक मेरी आंखें बंद हुई और मैं इस दुनिया में नहीं रहा। मुझे यह उम्मीद नहीं थी कि मैं शराब पीने से मर जाऊंगा। क्योंकि बहुत लोग शराब पीते हैं, उनको कुछ नहीं होता लेकिन मेरी शराब से मौत हो गई। इसका कारण यह है कि मेरा शरीर नशा झेलने की क्षमता में नहीं था, क्योंकि मेरे मम्मी-पापा किसी भी प्रकार का नशा नहीं करते हैं। मैं उन्हीं की संतान था, इसलिए नशा करने के लिए मेरा शरीर सहने की स्थिति में नहीं था। मैंने अपने मम्मी-पापा और भाइयों का कहना नहीं माना और आज मैं इस दुनिया में नहीं हूं। मेरा 2 साल का बेटा कृष्णा जीसे कुछ भी नहीं मालूम कि पापा कहां चले गए वह बगैर बाप का हो गया मेरी पत्नी विधवा हो गई। मेरे मम्मी पापा इस सदमे से उबर नहीं पा रहे हैं। आज मेरे चार भाई की जगह केवल तीन भाई बचे हैं। यदि मैं शराब नहीं पीता होता तो मैं आपके बीच होता। आज मेरी शोकसभा नहीं हो रही होती, जो मेरे लिए शोक हो रहा है यह नहीं होता। मैंने बहुत बड़ी गलती की है। लेकिन यह गलती अब वापस नहीं हो सकती। इसलिए मैं सभी से हाथ जोड़कर माफी मांगते हुए विनती करता हूं कि यदि आप किसी प्रकार का नशा करते हैं तो उसे छोड़ दें। अपने बच्चे को नशे से दूर रखें। जो लोग दूसरों को नशा कराते हैं उन से अनुरोध है कि ऐसा न करें। किसी के जीवन से न खेलें नशा केवल घर ही नहीं बर्बाद करता बल्कि नशा करने वाले व्यक्ति को

ही बर्बाद कर देता है। पूरे परिवार को बर्बादी की दहलीज पर लाकर खड़ा कर देता है। मैं इस गलती को स्वीकार करता हूं, मेरी तो मौत हो गई अब मैं वापस नहीं आ सकता लेकिन नशे के कारण किसी और की मौत न हो इसके लिए आप शराब पर रोक लगा सकते हैं, जो लोग शराब पीते हैं उनको शराब पीने से रोक सकते हैं। आप सब को यह काम मेरी मौत से सबक लेकर करना चाहिए। नशे की लत बहुत खराब होती है यह दिमाग को कमजोर कर देता है। जो मना करता है उसकी बात बुरी लगती है। समाज में प्रतिष्ठा बचाने के लिए नशा करने वाला आदमी झूठ बोलता है, मैंने भी यही किया मम्मी-पापा को धोखा दिया। भाइयों को धोखा दिया झूठ बोला काश मैं उनकी बात मान लेता तो आज मैं आपके बीच में होता। मेरा बेटा बगैर बाप का नहीं होता, मेरी पत्नी विधवा नहीं होती। मेरे मम्मी-पापा मेरे भाई-बहन मेरे परिवार के लोग आज तड़पते नहीं। मुझे माफ करना मैं जानता हूं कि आप लोग मेरे लिए शोक कर रहे हैं, दुख प्रकट कर रहे हैं, मेरी आत्मा को शांति आपके शांति पाठ से आपके शोक सभा से कुछ अंश तक जरूर मिलेगी, लेकिन मेरी आत्मा को पूर्ण शांति तभी मिलेगी जब आप एक आंदोलन चलाकर नशे को पूरी तरह से बंद करेंगे, और नशे के द्वारा किसी की भविष्य में मौत नहीं होने देंगे। जब यह आप करेंगे तभी मेरी आत्मा को शांति मिलेगी।

- आपका बिछड़ा हुआ अभागा स्वर्गीय आकाश किशोर उर्फ जेबी

मेरी पुण्यतिथि के दिन आप सब शपथ लें अपने आने वाली पीढ़ियों को नशे से बचाएंगे जब नशे के खरीदार ही नहीं होंगे तो व्यापार खुद ही बंद हो जाएगा

## विविध

# दिव्यांग अब न रहेंगे असमर्थ, समेकित शिक्षा के तहत उपकरण एवं उपस्करों से बनेंगे समर्थ : गोपाल अंजान

**( उत्तर केसरी संवाददाता )**

**पाकबड़ा/मुरादाबाद।** समग्र शिक्षा एवं भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम कानपुर के सहयोग से बी आर सी केंद्र पाकबड़ा में मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद गोपाल अंजान द्वारा विधान परिषद सदस्य उत्तर प्रदेश द्वारा 6 से 14 वर्ष के 199 दिव्यांग बच्चो को उपकरण एवं उपस्कर वितरित किए गए। जिनमे 18 ट्राई साइकिल ,96 व्हील चेयर,54 बैसाखी ,14 कैलिपर्स,1 वाकिंग स्टिक 24 सी पी चेयर,92 एम एस आई ई डी किट,92 हियरिंग एड,6 ब्रेल किट,6 स्मार्ट किट,3 रोलेटर इत्यादि वितरित किये गए । कार्यक्रम में बोलते हुए मुख्य अतिथि गोपाल

**★ उपकरण एवं उपस्करों से विभिन्न क्षमताओं वाले बच्चे जुड़ेंगे मुख्य धारा से : तारा सिंह**

**★ दिव्यांग बच्चों को प्रतिदिन पढ़ाएं शिक्षक : सर्वेश शर्मा**

अंजान द्वारा सरकार की योजनाओं के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा दिव्यांग बच्चो के लिए विद्यालयों में विभिन कार्य कराए जा रहे है तथा विशेष शिक्षक बहुत ही योग्य हैं सामान्य शिक्षको के साथ विशेष शिक्षक एवं अधिकारी दिव्यांग बच्चों को समर्थ बनाने का कार्य कर रहे हैं।

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष सर्वेश शर्मा ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को गांव में जाकर चिन्हांकन करते हैं उनका विद्यालय में नामांकन कर जनपद के सभी विद्यालयों में शिक्षक पढ़ा रहे है तथा उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जा रही हैं।

जिला समन्वयक समेकित शिक्षा तारा सिंह ने बताया कि समेकित शिक्षा के तहत दिव्यांग बच्चो को शिक्षा दिलाने के साथ साथ एस्कॉर्ट एलाउंस,स्टाइपेंड, टी एल एम ,यूनिफार्म जूता मोजा ,किताबे , कार्यपुस्तिका, ब्रेल बुक ,एम डी एम, उपकरण एवं उपस्कर नि:शुल्क वितरित कर मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है और बच्चे सुगमता से शिक्षा ग्रहण कर रहे है।

खंड शिक्षा अधिकारी सुभाष चंद सरकार की योजनाओं की साधना करते हुए दिव्यांग बच्चों को मन लगाकर पढ़ाने की अपील की, एवं सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। कैम्प के सफल आयोजन में रिसोर्स टीचर राज कुमार ,रोहित पाल, नरदेव सिंह विशेष शिक्षक ,तथा गंगा सरन पी टी आई एवम अनिल शर्मा का

विशेष सहयोग रहा ।इस मौके पर कुलदीप,अरविंद,अनीता मिश्रा, कल्पना ,मोनिका ,कमलेश, मंजू सिंह, अनीता पूजा अवस्थी,अमित सिंह, पी सी पटेल ,योगेंद्र ,एकलव्य पूरी,मुकुल मधुकर आगार सिंह, अनिता राठौर आदि उपस्थित रहे ।कैम्प के आयोजन का मंच संचालन ऋषि केश नारायण, पंकज वशिष्ठ ने किया।

# किसान दिवस आज विकास भवन में

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**बदायूँ।** उप कृषि निदेशक दुर्गेश कुमार सिंह ने अवगत कराया है कि किसान दिवस जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में माह के तृतीय बुद्धवार आज 19 अक्टूबर, 2022 को दोपहर-12:00 बजे से आयोजित होगा, जिसमें जनपद के कृषि से जुड़े समस्त सम्बन्धित अधिकारीगण किसानों की समस्याओं के निराकरण हेतु उपस्थित रहेगें। किसान दिवस में सम्बन्धित अधिकारी, इच्छुक कृषक भाग ले सकते हैं।

# कांकर खेड़ा में रामलीला का समापन, मेला भी लगा

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**भगतपुर।** सोमवार रात्रि ग्राम कांकर खेड़ा में रामलीला का समापन हुआ। जिसमें समापन के दौरान मेले का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य महंत सुन्दरगिरी जी महाराज (छोटू बाबा) ने किया। श्रीराम के तीर मारते की बुराई के प्रतीक रावण का अंत हो गया और चारों ओर जय श्रीराम के नारे लगने लगे ।असत्य पर सत्य की जीत हुई। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के धनुष से निकला अग्निबाण जैसे ही अधर्म के प्रतीक रावण की नाभि में लगा वैसे ही वह जमीन पर गिर पड़ा और आसमान कांपने लगा धरती डोले लगी स्वर्ग से देवता गण पुष्प वर्षा कर हर्ष मनाने लगे ग्राम कांकर खेड़ा स्थित रामलीला ग्राउंड में शाम आठ बजे से मेला प्रारंभ हुआ। मेले में बच्चों को मन मोहने वाली दुकानें लगी थी। जिसमें बच्चों ने खूब खरीददारी की और मेले का आनंद लिया। रात को रावण के पुतले का दहन हुआ तो चारों ओर जय श्रीराम के नारे गूंजने लगे इस मौके पर श्री प्राचीन सिद्धपीठ कामेश्वर महादेव मंदिर निबाडखास के महंत गंगागिरी जी महाराज, कांकर खेड़ा रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अश्वनी कुमार शर्मा, कोषाध्यक्ष एडवोकेट आलोक अंबरीश शर्मा, रोहित शर्मा, खजांची दुर्गाप्रसाद, लोकसभा सयोंजक सोशल मीडिया संदीप ठाकुर, गन्ना अधिकारी राणा शुगर मील रजनीश चौहान, सतीश प्रधान सरदार नगर, प्रदीप ग्वालवंशी, रोविन ठाकुर, प्रताप सिंह, ब्रजपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, ब्रिजेश कुमार, अनुज शर्मा, पप्पू ग्वालवंशी सहित मौजूद रहे।

# दरगाह अध्यक्ष का किया भव्य स्वागत

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**नजीबाबाद।** विश्व प्रसिद्ध दरगाह ए आलिया नजफ ए हिन्द जोगीरमपुरी में शिया सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ द्वारा गठित दरगाह कमेटी अध्यक्ष सैयद इरम अली जैदी का सैंकड़ों की तादाद में दरगाह पहुंचकर भव्य स्वागत किया, इस दौरान दरगाह के अध्यक्ष इरम अली जैदी के साथ 50 गाड़ियों का काफिला चल रहा था। शमशुल हसन हाल में आयोजित बैठक की अध्यक्षता इमामे जुमा मौलाना शेर अली साहब ने की तथा संचालन दरगाह कमेटी के उप सचिव मौलाना कसीम अब्बास व वकार आब्दी ने किया, मीटिंग का शुभारंभ तिलावते कलाम ए पाक से मौलाना शेर अली ने पढ़कर किया, इरम अली जैदी ने दरगाह के विकास के लिए सरकार से हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया और कहा कि दरगाह के हालात को बेहतर बनाने के लिए कमेटी के साथ मिलकर बेहतर इंतजाम कराये जाएंगे। कमेटी के उपसचिव कसीम अब्बास, सदस्य, वकार आब्दी मीर सादिक, पूर्व सचिव विसाल मेहंदी ,जफर मुज्तबा, पूर्व उपसचिव औसत अली पूर्व प्रधान अनीस जैदी, प्रधान जाकिर बाकरी, गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष इसरार जैदी,मौजिस अब्बास, हसन मेहंदी, समर अब्बास सोहेल बाकर शीराज जैदी पूर्व प्रधान गमखार रिजवी, मीडिया प्रभारी जिया अब्बास आदि मौजूद रहे।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस ने नगर में निकाला फ्लैग मार्च, लोगों से की शांतिपूर्ण तरीके से पर्व मनाने की अपील

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**बिलारी।** नगर में आने वाले त्योहारों को लेकर कोतवाली प्रभारी अमित कुमार, क्राइम इंस्पेक्टर राजेश कुमार, कस्बा चौकी इंचार्ज अमित कुमार आदि ने पूरे पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च किया और लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से रहने व त्योहार मनाने की अपील की।

मंगलवार को पुलिस बल ने नगर के मुख्य मार्गों पर फ्लैग मार्च निकाला। इसके अलावा शरारती तत्व एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर भी नजर रखी। फ्लैग मार्च के दौरान शराब के ठेके पर जाकर शराब ठेकेदार को समझाया कि शराब के ठेके को समय पर खोला व बंद किया जाए और संदिग्ध व्यक्ति व शरारती तत्व दिखाई देने पर तुरंत बिलारी कोतवाली को सूचित करने का आह्वान किया।

फ्लैग मार्च के दौरान हाईवे किनारे अतिक्रमण कर रहे लोगों से भी अपील की गई कि अतिक्रमण ना फैलाएं अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है।

# मुफ्त हुई कोलेस्ट्रोल की जांच

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**नगीना।** मंगलवार को जी.के. हॉस्पिटल में एक दवाई कंपनी की ओर से नि:शुल्क कैम्प लगाकर कॉलेस्ट्रॉल का चैक अप किया गया। मंगलवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक डॉ आकाश अग्रवाल व मेरठ के अंशुल बंसल व धामपुर के विभोर चौहान ने कैम्प में कुल 22 व्यक्तियों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर चिकित्सक डॉ आकाश अग्रवाल ने बताया कि उनका उद्देश्य गरीबों व मरीजों की कम खर्च में सेवा करना है।

# व्यापारी नेता ने किया श्री राम लीला का उद्घाटन

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**अफजलगढ़।** अपने बच्चों को नियमित रूप से श्रीराम के जीवन चरित्र के बारे में बताएं, तभी उनमें श्रीराम जैसे संस्कारों की नींव पड़ेगी, यह उद्गार श्रीरामलीला के उद्घाटन समारोह के अवसर पर उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष नीरव रस्तौगी ने कहे।

क्षेत्र के ग्राम मीरपुर दक्षिण में श्रीराम लीला मंचन का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं उद्योग व्यापार मंडल अफजलगढ़ के नगर अध्यक्ष नीरव रस्तौगी ने फीता काटकर किया। इस मौके पर श्रीराम लीला समिति के अध्यक्ष सतपाल सिंह, हरपाल सिंह, बलवीर सिंह, रामकुमार मेहरा, गगनदीप सिंह, आकाश माहेश्वरी, गोलू जोशी सहित बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय योगी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष पहुंचे निबाडखास मंदिर

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**भगतपुर।** रविवार को जनपद मुरादाबाद के ब्लाक भगतपुर टांडा क्षेत्र के श्री सिद्धपीठ कामेश्वर महादेव मंदिर निबाडखास पर राष्ट्रीय योगी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चौहान तथा गौरक्षा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन शर्मा गोरखपुर का आगमन हुआ।

इस दौरान महंत सुंदरगिरी जी महाराज (छोटू बाबा) सदस्य जिला पंचायत मुरादाबाद वार्ड 37 तथा बड़े महाराज महंत गंगागिरी से चर्चा की तथा आश्वस्त किया कि लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के समक्ष मुख्यमंत्री कार्यालय लखनऊ के माध्यम से निवेदित करने का विश्वास दिया। जिला पंचायत सदस्य छोटू बाबा ने बताया कि अति व्यस्तता में इतनी दूर से हमारे लिए चिंतित होकर राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय योगी सेना का निवाड़खास आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है।

इसी दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि छोटू बाबा जिस प्रकार अपने क्षेत्र के समाज की सेवा में लगे हैं अति सराहनीय है और आपका निस्वार्थ भाव से भाजपा पार्टी को समर्थन देना ही आपकी सेवा भाव को दर्शाता है।

# पुलिस की पिटाई से टूटी अवनीश के सिर की हड्डी, हालत नाजुक

**( उत्तर केसरी ब्यूरो )**

**गजरौला।** पुलिस की पिटाई से घायल हुए अवनीश का मेरठ के अस्पताल में उपचार चल रहा है। परिजनों के मुताबिक पिटाई से उसके सिर की हड्डी टूटी है। हालत नाजुक बनी है। अस्पताल के आइसीयू में उपचार जारी है।

तिगरी गंगा मेले के आयोजन को लेकर फसल काटने का दबाव बनाने वाली पुलिस पर तिगरी गांव निवासी रेवती के बेटे अवनीश को बेरहमी से पीटने का आरोप लगा है। पूरा घटनाक्रम रविवार को घटित हुआ था। अवनीश की हालत गंभीर देख चिकित्सक ने उसे हायर सेंटर रेफर किया था। उधर, पुलिस मामले को दबाने की कोशिश करने में जुट गई। अवनीश के भाई गौरव के अनुसार मेरठ के अस्पताल में उसका उपचार जारी है। बताया कि जांच में चिकित्सक ने उसके सिर की हड्डी टूटने की बात कही है। हालत नाजुक बनी है।

वहीं दूसरी ओर रविवार देर रात एसपी आदित्य लांग्हे ने मारपीट के आरोपी एसआई सुभाष कुमार को थाने से हटाकर बृजघाट चौकी भेज दिया। सीओ अरुण कुमार ने बताया कि अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है कि पुलिस ने अवनीश को मारा नहीं था। फसल काटने के लिए ही कहा गया था। तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई करने की बात कही।

## विधायक ने अधिवक्ता चैम्बर के निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**रुद्रपुर।** आज जिला सत्र एवं न्यायालय कोर्ट में मुख्यमंत्री घोषणा के अंतर्गत जूनियर चैम्बर निर्माण का एक करोड़ की लागत से बनने वाले परिसर एव विधायक निधि के अंतर्गत तेईस लाख की लागत से बनने वाली जजी परिसर में अधिवक्ताओं के लिये टिन शेड निर्माण का शिलान्यास क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, जिला अधिकारी युगल किशोर पंत के साथ किया । विगत काफी समय से अधिवक्ता चैम्बर निर्माण व टीन शेड हेतु जिला बार एसोसिएशन की तरफ से मांग उठती रही थी । जिस पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने गम्भीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से वार्ता की और मुख्यमंत्री द्वारा अधिवक्ता चैम्बर के लिये एक करोड़ की धनराशि की घोषणा की थी जिसका आज शिलान्यास कर दिया गया। वही विधायक निधि से टीन शेड निर्माण का भी शिलान्यास किया गया।

## सीएम ने सागर में महार रेजिमेंट में आयोजित सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग किया

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मध्य प्रदेश स्थित सागर में महार रेजिमेंट में आयोजित सैनिक सम्मेलन में प्रतिभाग किया।

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह मेरा सौभाग्य है कि आज मुझे आप सभी वीर सैनिकों के बीच आने का अवसर प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री धामी ने महार रेजिमेंट के वॉर मेमोरियल में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने वॉर मेमोरियल का अवलोकन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री महार रेजीमेंट के सैन्य अधिकारियों एवं जवानों से भी मिले। मुख्यमंत्री श्री धामी ने महार रेजिमेंट के अमर शहीद मेजर रामास्वामी परमेश्वरन तथा सूबेदार मेजर सुरेश चंद यादव को नमन करते हुए कहा कि महार रेजिमेंट में ऐसे वीरों की लंबी श्रृंखला है, जिन्होंने मां भारती के यश को अक्षुण्ण रखने हेतु अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जहां एक ओर हमारी यह रेजिमेंट विविधता में एकता की भावना का बोध कराती है वहीं इसका प्रत्येक सैनिक भारत की महान संस्कृति व गौरवशाली सैन्य परंपरा का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में सेना का मान और सम्मान बढ़ा है। आज सेना के आधुनिकीकरण को भी एक नया आयाम दिया जा रहा है और रक्षा क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अभूतपूर्व कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और उनके द्वारा सैनिकों को दिए जा रहे प्रोत्साहन के कारण आज हमारी सेना पहले से कई गुना अधिक सशक्त है और सीमाएं अधिक सुरक्षित हैं। सैनिकों द्वारा किए जाने वाले त्याग और उनकी राष्ट्र सेवा के ऋण को हम कभी नहीं चुका सकते।

# लक्ष्य को नियत अवधि में पूरा करें अधिकारी : सीडीओ

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**रूद्रपुर।** मुख्य विकास अधिकारी ने उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत गतिमान कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। मुख्य विकास अधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये कि समूह गठन, ग्राम संगठन तथा सीएलएफ गठन हेतु कार्ययोजना बनाते हुये अवशेष लक्ष्यों की माह दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि समस्त विकास खण्डों में सीसीएल कैम्प के माध्यम से लम्बित सीसीएल आवेदों का निस्तारण किया जाये। उन्होने सम्बन्धितों को निर्देश देते हुये कहा कि सीसीएल आवेदन पत्र बैंकों को प्रेषित करने का लक्ष्य माह नवम्बर 2022 तक पूर्ण करते हुये सीसीएल वितरण के अवशेष लक्ष्यों को माह दिसम्बर 2022 तक पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

परियोजना निदेशक हिमांशु जोशी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में अत तक योजनान्तर्गत जनपद के विकास खण्डों में गठित स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु रूपया-13 लाख 70 हजार तथा क्लस्टर स्तरीय संगठनों को सीआईएफ हेतु 03 करोड़ 61 लाख 50 हजार की धनराशि प्राप्त हुयी है। उन्होने बताया कि विकास खण्ड जसपुर में वित्तीय वर्ष 2022-23 में उत्तराखण्ड राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत 155 स्वंय सहायता समूहों व 08 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। 10 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु एक

लाख की धनराशि तथा 108 स्वंय सहायता समूहों को सीआईएफ हेतु 81 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 66 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है।

विकास खण्ड काशीपुर में 126 स्वंय सहायता समूहों व 07 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। कुल 35 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु 03 लाख 50 हजार की धनराशि तथा 80 स्वंय सहायता समूहों को सीआईएफ हेतु 60 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 62 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है। विकास खण्ड बाजपुर में 108 स्वंय सहायता समूहों व 02 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। कुल 03 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु 30 लाख की धनराशि तथा 184 स्वंय सहायता समूहों को सीआईएफ हेतु 01 करोड़ 38 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 55 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है। विकास खण्ड गदरपुर में 158 स्वंय सहायता समूहों व 04 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। कुल 30 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु 03 लाख की धनराशि तथा 60 स्वंय सहायता समूहों को सीआईएफ हेतु 45 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 135 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है।

विकास खण्ड रूद्रपुर में 57 स्वंय सहायता समूहों व 04 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। कुल 22 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु 01 लाख 70 हजार की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 41 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है। विकास खण्ड सितारगंज में 109 स्वंय सहायता समूहों व 06 ग्राम संगठनों का गठन किया जा चुका है। कुल 22 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु 02 लाख 20 हजार की धनराशि तथा 50 स्वंय सहायता समूहों को सीआईएफ हेतु 37 लाख 50 हजार की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 35 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है। विकास खण्ड खटीमा में 130 स्वंय सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। कुल 20 स्वंय सहायता समूहों को रिवाल्विंग फण्ड हेतु 02 लाख की धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है। रिवाल्विंग फण्ड हेतु 26 स्वयं सहायता समूहों के ऑनलाईन प्रस्ताव प्राप्त हुये है।

## खबरें संक्षेप में

### दीपावली पर्व में शांति व्यवस्था हुई बाधित तो होगी सख्त कार्रवाई

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बागेश्वर।** कोतवाली में पुलिस प्रशासन और व्यापार मंडल के साथ बैठक कर बाजार में शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की।

त्योहार में सामाजिक सौहार्द बनाए रखने,पटाखे, विस्पोटक सरयू बगड़,नया बागनाथ पुल में पर्याप्त विद्युत व्यवस्था, पदार्थो के विक्रय में सावधानी बरतने,यातायात व्यवस्था की समुचित व्यवस्था,सहित नगर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस दौरान उपजिलाधिकारी हरगिरि ने सभी व्यापारियों सीएलसी सदस्यों,और आमजन से त्योहार के मौके पर शांतिपूर्वक दीपावली मनाने का निर्णय लिया गया।इस दौरान पुलिस उपाधीक्षक शिवराज सिंह राणा ने सभी व्यापारियों से दीपावली में कानून व्यवस्था दुरूस्त रखने के लिए सहयोग की अपील की। वही कोतवाल कैलाश नेगी ने सभी व्यापारियों से यातायात, शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की।वही अराजकता फैलाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

इस दौरान वरिष्ठ नागरिक कल्याण न्यास के अध्यक्ष रणजीत सिंह बोरा, नवीन लाल साह, इंद्र सिंह परिहार, व्यापार मंडल के जगदीश कार्की, पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष हरीश सोनी, अनिल कार्की आदि मौजूद थे।

### सचिवालय में हुई सात राजदूतों के साथ बिजनेस मीट

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**देहरादून।** मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में सचिवालय में विभिन्न देशों में कार्यरत भारत के सात राजदूतों के साथ बिजनेस मीट कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर शासन के उच्चाधिकारियों के साथ विभिन्न उद्योगों से जुड़े प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग कर अपने विचार रखे। मुख्य सचिव ने कहा कि उत्तराखण्ड अभी एक नया राज्य है, अपने 22 वर्षों के सफर में उत्तराखण्ड ने इंडस्ट्री फ्रेंडली माहौल तैयार किया है। हम उद्योग को देश में सबसे सस्ती बिजली उपलब्ध करवा रहे हैं। उत्तराखण्ड की लोकेशन इंडस्ट्री की दृष्टि से काफी महत्त्वपूर्ण है। मुख्य सचिव ने राजदूतों एवं उच्चायुक्तों के माध्यम से इन देशों के व्यापारिक समुदाय को उत्तराखण्ड में उद्यमियों के साथ सहयोग करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि इसके लिए नियमित संवाद स्थापित किया जाएगा।

इस अवसर पर सचिव उद्योग डॉ. पंकज कुमार पांडे, सचिव कृषि वी.वी.आर.सी. पुरूषोतम, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, सचिव वित्त आर.मीनाक्षी सुन्दरम, निदेशक उद्योग सुधीर नौटियाल के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी उवं उद्योग व्यापार से जुड़े लोग उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना पर गहरा दु:ख जताया

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**देहरादून।** मुख्यमंत्री ने केदारनाथ के समीप गरुड़ चट्टी में हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना पर गहरा दु:ख जताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राहत और बचाव कार्य हेतु एसडीआरएफ और जिला प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है। उन्होंने घटना की जाँच के आदेश दिए हैं। अपर सचिव तथा मुख्य कार्यकारी अधिकारी उड्डयन सी. रविशंकर ने प्रेस कांफ्रेंस करते में हेलीकॉप्टर हादसे की जानकारी देते हुए बताया केदारनाथ से गुप्तकाशी जा रहे आर्यन एविएशन हेलीकॉप्टर कंपनी के हेलीकॉप्टर क्रैश हादसे में पायलट सहित 7 लोगों की मृत्यु हुई है। दुर्घटना आज प्रात: लगभग 11:40 बजे हुई।

उन्होंने बताया कि हेलीकॉप्टर में कैप्टन अनिल (मुंबई निवासी) सहित गुजरात के तीन और कर्नाटक, झारखण्ड के एक-एक यात्री सवार थे। एक अन्य यात्री के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए जिलाधिकारी स्तर पर जाँच बिठाई गई है। उन्होंने बताया कि एसडीआरएफ तथा पुलिस की टीम द्वारा घटनास्थल पर रेस्कयू व रिकवरी ऑपरेशन संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर सूचना महानिदेशक श्री बंशीधर तिवारी भी उपस्थित रहे।

# जनता को जाम से छुटकारा मिलने की उम्मीद

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**किच्छा।** आखिर पुलिस की नींद टूट ही गई, नींद टूटते ही पुलिस के कड़ा रुख अपनाते ही नगर की यातायात व्यवस्था दुरूस्त होनी शुरू हो गई है। जनता को जाम से छुटकारा मिलने की उम्मीद होने लगी है।

नगर की जनता एवं बाहरी क्षेत्रों से खरीदारी के लिए नगर में आने वाले बाहरी क्षेत्रों के लोगों को नगर के एमपी चौक से लेकर मुख्य बाजार व डी डी चौक तक जाम लगने के कारण परेशानी का सामना करना पड़ता है। दुकानदारों द्वारा अपने सामानों को सड़क तक फहलाने के अलावा, फलों, मूंगफली आदि के ठेलों के कारण सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा था। पुलिस द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध नरम रवैया अपनाने से शहर में यातायात की स्थिति बेहद खराब हो गई है। पुलिस द्वारा अतिक्रमणकारियों के विरूद्ध कार्रवाई न करने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद थे। सोमवार की सायं कोतवाल धीरेंद्र कुमार की अगुवाई में भारी पुलिस बल व नगर पालिका की टीम ने एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा की मौजूदगी में एमपी चौक से लेकर डीडी चौक तक तथा रुद्रपुर रोड पर सड़क पर कब्जा जमाए अतिक्रमणकारियों पर चाबुक चलाते हुए कार्यवाही प्रारंभ

की तो अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया।

पुलिस की सख्ती का नतीजा है कि सोमवार की देर शाम से लेकर मंगलवार को नगर में यातायात व्यवस्था दुरस्त होती नजर आई है। त्यौहारी सीजन के कारण खरीदारी करने वालों की उमड़ रही भीड़ को जाम के झाम से निजात मिलती दिखाई दे रही है। अतिक्रमण हटाओ अभियान एवं यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नगर के मुख्य बाजार में उत्तरी प्रशासन की टीम एवं पुलिस के कड़े रवैये के कारण सड़क पर अतिक्रमण करना आज से बंद कर दिया। अभियान की अगुवाई कर रहे एसडीएम ने अतिक्रमणकारियों को कड़ी चेतावनी दी की सड़कों पर अतिक्रमण करने वालों तथा नगर के मुख्य बाजार में टुक टुक ऑटो रिक्शा वालों के कारण मुख्य बाजार में लगने वाले जाम के लिए उक्त लोग जिम्मेदार हैं। ऐसे लोगों के विरुद्ध और कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। वही कोतवाल धीरेंद्र कुमार ने कहा कि नगर के मुख्य बाजार में बेवजह टुक टुक एवं ऑटो रिक्शा घुमाने वाले चालकों के विरोध कड़ी कार्रवाई की जाएगी किसी भी तरह बाजार में जाम लगाने वालों को बक्सा नहीं जाएगा। लंबे समय से जाम झेल रही नगर की जनता एवं बाहरी क्षेत्रों से आने वाले खरीदारों को जाम के झाम से राहत मिलती दिखाई दे रही है।

कोतवाली किच्छा के प्रभारी निरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने बताया कि एसडीएम कौस्तुभ मिश्रा की देखरेख में पुलिस एवं पालिका प्रशासन टीम ने यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए नया प्लान लागू किया है जिसमें हल्द्वानी से एमपी चौक पर आने वाले वाहनों को बाईपास से आदित्य चौक होते हुए डीडी चौक से रोडवेज पर पहुंचने की व्यवस्था नए यातायात नियम के तहत की गई है। इस व्यवस्था के तहत रोडवेज की बसों को भी इसी नियमों का पालन करना होगा। इसके अलावा एमपी चौक से हल्द्वानी को चलने वाले वाहनों को खड़ा करने के लिए ट्रक यूनियन से आगे अंबेडकर पार्क के सामने पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है किसी भी वाहन को अंदर प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। वही किच्छा से रुद्रपुर रोड पर चलने वाले ऑटो रिक्शा की पार्किंग की व्यवस्था पावर हाउस के सामने खाली मैदान में की गई है नगर के अंदर किसी भी प्रकार की वाहन को पार्किंग नहीं होने दी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत सितारगंज शक्ति फार्म को जाने वाली बसों को रोडवेज के पास से हटा दिया गया है उन्हें भी पावर हाउस के पास वाहन पार्किंग की व्यवस्था करने के आदेश दिए गए हैं।

## कांडा बागेश्वर में स्कूली छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बागेश्वर।** थाना कांडा पुलिस द्वारा गोष्ठी के माध्यम से राजकीय इंटर कॉलेज बाजीरौट, कांडा बागेश्वर में स्कूली छात्र- छात्राओं को किया गया जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक बागेश्वर के आदेशानुसार बड़ते अपराधों की रोकथाम हेतु जनपद स्तर पर प्रचलित जनजागरुकता अभियान चलाये जा रहें है। इसी क्रम में दरोगा राजेंद्र सिंह नेगी द्वारा थाना कांडा क्षेत्रान्तर्गत राजकीय इंटर कालेज बाजीरौट, कांडा में जाकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन कर स्कूली शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, खेल महाकुंभ में भाग लेने आये प्रतिभागियो को वर्तमान समय में बढ़ रहे साइबर क्राईम/ऑनलाइन धोखाधड़ी, यातायात नियमों, महिला सुरक्षा सम्बन्धी कानून व उनके अधिकारों, बाल अपराध, नशे के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिला हैल्प लाईन न0 1090, साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु टोल फ्री नम्बर-1930 व हेल्पलाइन न0- 112 तथा उत्तराखंड पुलिस एप आदि के सम्बन्ध में जानकारी दी गई एवं बताया गया कि उत्तराखण्ड एप के माध्यम से प्राप्त होने वाली समस्या / शिकायतों को संबंधित जनपद की रिस्पांस टीम द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर निस्तारण किया जाता है साथ ही आपात स्थिति में पुलिस सहायता उपलब्ध कराई जाएगी समस्त स्टाफ को ऐप की जानकारी दी गयी। आगामी दीपावली पर्व पर विस्फोटक पदार्थो से सावधान रहने की बात कही।

# यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें व्यापारी : सीओ

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**गदरपुर।** गदरपुर में अपराधों की रोकथाम यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने और आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए क्षेत्र के पटाखा व्यवसायियों के साथ पुलिस क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह भंडारी, उप जिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी, थानाध्यक्ष राजेश पांडे, खुफिया विभाग से सब इंस्पेक्टर रिजवान खान व अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार सक्सेना के साथ संयुक्त रुप से थाना परिसर में गोष्ठी का आयोजन किया गया

बैठक में सीओ ने व्यापारियों से कहा कि उनके दुकानों में अच्छी क्वालिटी के सीसीटीवी कैमरे सही एंगल में लगाएं तथा उनकी नियमित रूप से मॉनिटरिंग मरम्मत किए जाने के साथ ही सतर्क रहकर संदिग्ध व्यक्तियों के संबंध में पुलिस को सूचना देने की बात की सीओ ने व्यापारियों समेत क्षेत्र के लोगों से बाजार क्षेत्र में यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने पर भी चर्चा का मुख्य सड़क पर दुकानों के आगे से अतिक्रमण हटाने को भी निर्देशित किया है सीओ ने कहा कि आगामी दीपावली एवं अन्य पर्वों के अवसर पर बाजार क्षेत्र में भीड़ भाड़ रहेगी इस दौरान सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की है वहीं उप जिलाधिकारी राकेश चंद्र तिवारी ने कहा कि सभी पटाखा व्यवसाई अपनी अपनी दुकान नियम अनुसार ही लगाएं इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष दीपक बहेड़, संदीप चावला, राहुल अनेजा, सहित पटाखा व्यवसाई भी मौजूद रहे।

## खो-खो प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में खटीमा ब्लॉक का रहा दबदबा

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**शक्तिफार्म।** राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित जनपद स्तरीय माध्यमिक बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में संपन्न हुई। इसमें अंडर-14 और अंडर-17 आयु वर्ग में खटीमा ब्लॉक की बालिकाओं ने बाजी मारी।

मंगलवार को प्रतियोगिता का शुभारंभ खेल संयोजक प्रधानाचार्य बालमुकुंद तिवारी ने किया। अंडर ङ्क 14 आयु वर्ग में खटीमा ने प्रथम और सितारगंज ने द्वितीय, अंडर-17 आयु वर्ग में खटीमा ने प्रथम और जसपुर ने द्वितीय एवं अंडर-19 आयु वर्ग में सितारगंज ब्लॉक ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला खेल समन्वयक लक्ष्मण सिंह टाकुली और खेल संयोजक बालमुकुंद तिवारी ने बताया कि इसमें चयनित बालिकाएं राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जनपद का प्रतिनिधित्व करेंगी।

इस दौरान जिला खेल समन्वयक बेसिक राजेंद्र सिंह भाकुनी, ब्लॉक समन्वयक माध्यमिक ललित मेहरा, ब्लॉक समन्वयक बेसिक निर्मल सरकार, सतीश राणा, बलबीर सिंह, ललित जोशी, अमित पांडेय, शंकर डाकुआ, लीला रोतेलाा, गोदावरी धामी, बीएल पटेल आदि शिक्षकों ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

**नामान्तरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वार्ड नंबर1, वार्ड नंबर 10, क्रमांक 302 पर गृहकर अभिलेखानुसार बिशम्बर दयाल पुत्र गोपीराम व श्रीमती सुशीला अग्रवाल पत्नी बिशम्बर दयाल का नाम अंकित है। बिशम्बर दयाल की दिनांक 20.07.2019 को मृत्यु हो चुकी है। बिशम्बर दयाल के उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर सुशीला अग्रवाल के साथ अंकित अग्रवाल, शुभम अग्रवाल पुत्र स्वर्गीय बिशम्बर दयाल व साक्षी अग्रवाल पुत्री बिशम्बर दयाल का नाम नामांतरण के लिए सम्मलित किया जाना है। जो सम्मलित किए जाने के लिए प्रस्तावित है। वार्ड नंबर 8, क्रमांक 150 पर गृहकर अभिलेखानुसार उर्मिला रानी पत्नी राम कुमार का नाम अंकित है। उर्मिला रानी की दिनांक 18.11.2014 को मृत्यु हो चुकी है। उर्मिला रानी की मृत्यु उपरांत उनके उत्तरजीवी प्रमाण पत्र के आधार पर रश्मि, नितिन, जितिन व दीपा है, जिसमें नितिन, जितिन व दीपा द्वारा अपनी माता रश्मि के नामांतरण के लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है जो कि गृहकर अभिलेखों में रश्मि पत्नी स्वर्गीय बलराम सिंह के नाम से नामांतरण के लिए प्रस्तावित है। उपरोक्तानुसार दोनों नामांतरणों में यदि किसी को कोई आपत्ति है तो प्रकाशन तिथि के 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विवाद होने की दशा में नामांतरण निरस्त समझा जाएगा तथा सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य हुआ।

**अधिशासी अधिकारी**

**कार्यालय नगर पालिका परिषद, गदरपुर ( उधम सिंह नगर )**

**नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि वार्ड नं0 10, कमांक 194 पर गृहकर अभिलेखानुसार अमरजीत सिंह पुत्र हरनाम सिंह व जसवीर कौर पत्नी अमरजीत सिंह का नाम अंकित है, जिसका इकरारनामा ब्रिकी पर अभिषेक अरोरा पुत्र सोमनाथ निवासी वार्ड नं0 05 गदरपुर द्वारा क्रय किया गया है, जिसकी पत्रावली नामान्तरण करने हेतु प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में अपने नाम से गृहकर नामान्तरण के लिए प्रस्तुत की गई है, उक्तानुसार नामान्तरण करने में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं, वाद मियाद किसी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। विवाद होने की दशा में गृहकर नामान्तरण निरस्त समझा जाएगा एवं सक्षम न्यायालय का आदेश ही मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी**

# डीएम ने सिसौना डांडा में लगने वाले गंगा मेले की तैयारियों को लेकर किया निरीक्षण

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बहजोई।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने तहसील गुन्नौर विकासखंड रजपुरा के ग्राम मोलनपुर डांडा में बन रहे गौ अभ्यारण्य का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें जिलाधिकारी ने अभयारण्य की फेंसिंग के लिए आर ई डी विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि 1 माह के अंतर्गत फेंसिंग का कार्य शत प्रतिशत किया जाए। एवं गुणवत्ता का भी विशेष ध्यान रखा जाए।

जिलाधिकारी ने डीसी मनरेगा को निर्देशित करते हुए कहा कि मनरेगा के अंतर्गत अभयारण्य के अंतर्गत आने वाले मार्गों को सही करवाया जाए। उप जिलाधिकारी गुन्नौर को निर्देशित करते हुए कहा कि सजरे को गूगल मैप पर ट्रेसिंग किया जाए एवं भूमि की पैमाइश भी की जाए एवं उप जिला अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मार्गों के दोनों ओर ट्रेंचिंग का कार्य शत-प्रतिशत कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने अभयारण्य के अंतर्गत किए गए वृक्षारोपण का निरीक्षण किया एवं संभागीय वन विभाग अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि जो पौधे सुख कर नष्ट हो चुके हैं उनके स्थान पर दूसरा पौधा रोपित किया जाए। एवं नेपियर घास को भी अभयारण्य में पुन: लगवाया जाए। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि अभयारण्य में वृक्षारोपण की देखभाल के लिए 4 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए जिससे पौधे जीवित रह सकें।

जिलाधिकारी ने प्रस्तावित शेड की भूमि का निरीक्षण करते हुए जिला पंचायत एवं आर ई डी को निर्देशित करते हुए कहा कि शेड का निर्माण कार्य शीघ्र से शीघ्र कराना सुनिश्चित करें। इसके उपरांत जिलाधिकारी द्वारा विकासखंड रजपुरा के ग्राम सिसौना डांडा में लगने वाले आगामी गंगा मेला का स्थलीय निरीक्षण किया। एवं सुरक्षा व्यवस्था एवं बैरिकेडिंग को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि मेले की तैयारी शत-प्रतिशत पूर्ण कर ली जाएं जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही ना की जाए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश सचान, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मुन्ना लाल यादव, उप जिला अधिकारी गुन्नौर संदीप वर्मा, डीसी मनरेगा बलवंत सिंह, जिला सूचना अधिकारी बृजेश कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी जाहिद हुसैन, जिला पंचायत सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एसडीएम के नेतृत्व में खाद्य विभाग ने चलाया छापामार अभियान

## दो दुकानों से तेल व बेसन के सैंपल जांच को भेजे

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**स्वार।** त्योहारों के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री की रोकथाम के लिए एसडीएम के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक ने छापामार अभियान चलाया। इस दौरान दो दुकानों से खाद्य तेल व बेसन के नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है।

बताते चलें की त्योहारों के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों पर मिलावटी खाद्य पदार्थों के बिक्री शुरू हो जाती हैं। मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन भी सक्रिय हो गया है। मंगलवार को एसडीएम सचिन राजपूत के नेतृत्व में खाद्य निरीक्षक वीरेंद्र सिंह कुशवाह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी विजय आनंद सिंह ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छापामार अभियान चलाया।

अधिकारियों को देख नगर के किराना स्टोर स्वामी अपनी दुकानों के शटर गिराकर भाग खड़े हुए। टीम ने नगर के शिवम किराना स्टोर व मसवासी एन एच ट्रेडर्स से खाद्य तेल व बेसन के नमूने भरकर जांच के लिए भेजे हैं। मामले की जानकारी पर एस डी एम सचिन राजपूत ने बताया की किसी भी दशा में मिलावटी खाद्य पदार्थों की बिक्री नहीं होने दी जाएगी।

# हत्या के दो आरोपियों के विरूद्ध की गयी राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की कार्यवाही

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**टांडा।** थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर कलां निवासी पूर्व प्रधान हारून खाँ दिनांक 12.04.2022 को कुछ हमलावरो द्वारा जान से मारने की नियत से उसके ऊपर गोलियाँ चलायी थी। गोलियाँ लगने से पूर्व प्रधान घायल हो गया था और गोलियों की आवाज सुनकर उसे बचाने आये उसके भतीजे वसीम पुत्र इस्लाम के ऊपर भी हमलावारो द्वारा गोलियां चलायी जिससे पूर्व प्रधान के भतीजे वसीम की मृत्यु हो गयी और हमलावर फायरिंग करते हुये भाग गये जिससे ग्रामवासियों में डर व भय का माहौल पैदा हो गया। इस घटना के सम्बन्ध में थाना टाण्डा पर दिनांक 12.04.2022 को ही मु0अ0सं0 182/2022 धारा 147/148/149/307/302/120बी/34 भादवि बनाम दानिश आदि पंजीकृत किया गया ।

उपरोक्त घटना में शामिल रहे अभियुक्तगण राहत पुत्र बेचा नि0 ग्राम लालपुर कलाँ, हारून पुत्र जमील नि0 ग्राम लालपुर कलाँ थाना टाण्डा के विरूद्ध दिनांक 17.10.2022 को राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (NSA) के अन्तर्गत कार्यवाही की गयी ।

## रामपुर जनपद न्यायालय में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के 01 पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**रामपुर।** जनपद न्यायालय में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट के 01 पद पर भर्ती होनी है, जिसके लिए ऐसे व्यक्ति पात्र हैं जो शासन के अधीन कोई पद धारण करते हैं अथवा करते थे एवं जो विधि स्नातक हो अथवा माननीय उच्च न्यायालय की संतुष्टि के अनुसार विधिक मामलों के अनुभवी व्यक्ति हो और दंड प्रक्रिया संहिता के सेक्शन-13 में परिभाषित योग्यता रखते हैं, ऐसे व्यक्ति आवेदन कर सकते हैं।

जनपद न्यायाधीश अचल सचदेव ने बताया कि विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट पद हेतु आवेदन के लिए निर्धारित आवेदन पत्र उच्चतम न्यायालय की ऑफिशियल वेबसाइट *www.allahabadhighcourt.in* पर विज्ञप्ति प्रकाशन से 60 दिन के अंदर स्वीकार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि आवेदक आवेदन पत्र के साथ शैक्षिक योग्यता के साथ-साथ पिछले 05 वर्ष की चरित्र प्रविष्टियाँ भी संलग्न करें तथा अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी व निर्धारित आवेदन पत्र जनपद न्यायाधीश के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं।

# जूनियर स्तर पर लखीमपुर और प्राथमिक स्तर पर छपर्रा रहा ओवर ऑल चैम्पियन

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**स्वार।** संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता प्राथमिक स्तर में फर्राटा दौड़ में प्राथमिक विद्यालय छपर्रा के संजू व रूस्तनगर की इकरा ने बाजी मारी। विजेता बालकों को खंड शिक्षाधिकारी विजय कुमार ने प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।

मंगलवार को धनौरी न्याय पंचायत की खेल प्रतियोगिता का पूर्व माध्यमिक विद्यालय लखीमपुर में हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षाधिकारी विजय कुमार ने प्राथमिक स्तर की 50 मीटर की फर्राटा दौड़ को हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें बालक वर्ग में छपर्रा के संजू ने बाजी मारी। जबकि दूसरे स्थान पर जालफ नगला का जिशान रहा। 100 मीटर की दौड़ में जालफ नगला का मोहम्मद सहजाद अव्वल रहा। जबकि दूसरा स्थान मझरा खपरेल के फाजिल ने हासिल किया। 200 मीटर की दौड़ में छपर्रा का मिथुन आगे रहा। जबकि दूसरे स्थान पर जालफ नगला का फैजान खां रहा। लंबी कूद में भी छपर्रा के संजू ने बाजी मारी। दूसरे स्थान पर लखीमपुर का अनमोल रहा। प्राथमिक स्तर की बालिका वर्ग की 100 मीटर की रेस में छपर्रा की निधि विजेता बनी, जबकि दूसरे स्थान पर रूस्तमनगर की अंशिका रही। 200 मीटर की दौड़ में रूस्तमनगर की शमा ने प्रथम, जबकि लखीम पुर की आयशा ने दूसरा स्थान हासिल किया।वहीं लंबी कूद में छपर्रा की निधि ने पहला एवं लखीमपुर की खदीजा ने दूसरा मुकाम हासिल किया।

जूनियर स्तर बालक वर्ग की 100 मीटर की दौड़ में जालफ नगला के गुलजार विजेता बने। जबकि दूसरा स्थान लखीमपुर के शकील को मिला। 200 मीटर में स्वार वार्ड तीन के मुस्तफा पहले, जबकि जालनगला के गुलजार दूसरे स्थान पर रहे। बालिका वर्ग की 100 की दौड़ में जूनियर हाई स्कूल लखीम पुर की पलक ने पहला, जबकि जालफ नगला की सादिया ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर बालिका वर्ग में सादिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि दूसरे स्थान पर लखीमपुर की अक्शा रही। लम्बी कूद बालक वर्ग में शकील और बालिका वर्ग में पलक उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।गोला फेंक मे शकील और बालिका वर्ग में अक्शा उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।चक्का फेंक बालक वर्ग मे सचिन और बालिका वर्ग में महक उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।ऊंची कूद में भी उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर के बच्चो का दबदबा रहा।योगा में जूनियर हाई स्कूल जालफ नगला विजेता बना। जबकि दूसरा स्थान अगलगा को मिला। कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर विजेता बना तथा खो खो बालक और बालिका वर्ग में भी उच्च प्राथमिक विद्यालय लखीमपुर विजेता बना। खिलाड़ियों को खंड शिक्षाधिकारी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रेम सिंह चौहान ने मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

इस दौरान ब्लॉक व्यायाम शिक्षक सुखलाल, आनंद सिंह भंडारी, फरजंद अली, बरकत अली, नरेंद्र कुमार, रवि कुमार, रोहित शर्मा, फारूक अली, प्रदीप कुमार, पंकज, मीना बेबी एवं प्रेम बाबू सैनी आदि मौजूद रहे। जबकि दूसरी ओर शादीनगर हजीरा एवं मिलक ताज खां में भी संकुल स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई। जिसमें बालक एवं बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया।

# जिलाधिकारी ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 50 वाहनों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**रामपुर।** मुख्यमंत्री के निर्देश पर संचारी रोगों की रोकथाम के लिए जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के नेतृत्व में जिले में व्यापक साफ सफाई अभियान चलाया जा रहा है। गांव से लेकर शहर तक लगातार सफाई कर्मियों की टीमें सक्रिय की गई है ताकि संचारी रोगों के प्रसार को रोका जा सके और लोगों को अनुकूल माहौल मिल सके।

जिलाधिकारी ने रामपुर नगर पालिका क्षेत्र में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 50 वाहनों को कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रत्येक वाहन को कूड़ा कलेक्शन के लिए वार्ड वार जिम्मेदारी सौंपी गई है ताकि रामपुर शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर न रहें और कूड़े का निस्तारण निर्धारित डंपिंग ग्राउंड पर ही किया जा सके। जिलाधिकारी ने बताया कि कूड़ा कलेक्शन की व्यवस्था को गंभीरता पूर्वक प्रभावी बनाने के साथ-साथ सभी सेनेटरी इंस्पेक्टरों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि वे लगातार शहर में भ्रमणशील रहें और ऐसे लोगों को चिन्हित करें जो डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन की सुविधा के बावजूद भी सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा डाल रहे हैं। इन लोगों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई भी करें। उन्होंने कहा कि सेनेटरी इंस्पेक्टरों द्वारा जुर्माना लगाने की कार्यवाहियों के बारे में भी नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जाएगी।

इन सभी प्रयासों का उद्देश्य यही है कि लोग स्वच्छता के प्रति जागरूक हो और अपनी दिनचर्या में बदलाव करके कूड़े को जहां-तहां न फेंककर कूड़ा कलेक्शन के लिए निर्धारित वाहन में डाल दें साथ ही निर्धारित शुल्क का भी अनिवार्य रूप से भुगतान करें ताकि कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को सुगम तरीके से प्रभावी बनाया जा सके। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व हेम सिंह, नगर मजिस्ट्रेट सत्यम मिश्रा, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रामपुर इंदु शेखर मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# वेबसाइट पर नि:शुल्क कर सकते हैं आवेदन

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बदायूँ।** जैस्मिन, उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ द्वारा अवगत कराया गया है कि वर्ष 2022-23 हेतु एक जनपद एक उत्पाद (ओ0डी0ओ0पी0) योजना के अन्तर्गत जरी- जरदोजी उत्पाद के निर्माण/सेवा/व्यवसाय प्रोत्साहन हेतु जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ के माध्यम से रू0 2 करोड़ तक का ऋण बैंक से प्राप्त किया जा सकता हैं, परियोजना लागत 25 लाख तक का 25 प्रतिशत एवं 25 लाख से 50 लाख तक 20 प्रतिशत तथा 50 लाख से अधिक 150 तक 15 प्रतिशत एवं 150 लाख से 2 करोड़ तक 10 प्रतिशत तक परियोजना लागत पर अनुदान का लाभ प्रदान किया जायेगा। नि:शुल्क आवेदन ऑनलाईन *diupmsme.upsdc.gov.in* बेवसाइट पर दिनांक 30-10-2022 तक किया जा सकता है एवं उसकी हार्डकॉपी कार्यालय में जमा कर सकते है। आवेदन पर ऑनलाईन किये जाने हेतु आधार कार्ड, फोटो, स्कैन हस्ताक्षर, निवास प्रमाण पत्र, नोटीकृत शपथ पत्र एवं परियोजना रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना होगा। आवेदन पत्र उद्योग/सेवा/व्यवसाय क्षेत्र के अन्तर्गत ही स्वीकार किये जायेंगे। इस योजना के अन्तर्गत न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। अधिक जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र, बदायूँ से सम्पर्क कर सकते है।

# बीजेपी युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष का किया स्वागत

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बहजोई।** मंडल बहजोई देहात युवा मोर्चा कार्यालय पर जिला उपाध्यक्ष आधार रस्तोगी जिला मंत्री वैभव शंकर वार्ष्णेय का मंडल बहजोई देहात युवा मोर्चा की टीम ने जोरदार स्वागत किया । इस पर मंडल अध्यक्ष बहजोई देहात भुवनेश धनगर ने दोनों को पटका पहना कर स्वागत किया।

अजय प्रजापति ने मंडल अध्यक्ष भुवनेश धनगर को पटका पहना कर स्वागत किया और पूरी टीम को एक्टिव रहने के लिए कहा। शिबू श्रीमाली ने मंच का संचालन किया और आगामी निकाय चुनाव के चर्चा की ।इस पर आधार रस्तोगी ने मंडल बहजोई देहात को बहुत ही एक्टिव टीम बताया व वैभव शंकर जी ने जिले में नंबर वन मंडल बताते हुए सहारना की इस उपलक्ष पर मंडल महामंत्री मंडल मंत्री आदि सब पदाधिकारी मौजूद रहे।

# स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत निकाली गई स्कूली बच्चों की रैली

## एसडीएम सचिन राजपूत ने छात्र छात्राओं को सभी विभागों की कार्य प्रणाली की दी विस्तृत जानकारी

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**स्वार।** स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम के अंतर्गत स्कूली बच्चों की रैली निकाली गई। इस दौरान विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा छात्रों को पुलिस मित्र बन सहयोग करते हुए नियमों के पालन करने हेतु जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की छात्र छात्राएं शामिल रहीं।

विधार्थी देश का भविष्य होता है। जिसके चलते विद्यार्थियों को पुलिस मित्र बनकर सहयोग करने के लिए जागरूक होना चाहिए। वहीं नियमों की पूर्ण जानकारी उपलब्ध होनी आवश्यक है। जिसके लिए स्टूडेंट पुलिस कैडेट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य शिव शंकर व राजकीय महिला इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य साधना विशोनाई के नेतृत्व में छात्र छात्राओं की रैली निकाली गई। रैली के दौरान छात्र छात्राओं को कोतवाली, अस्पताल, ब्लॉक कार्यालय व तहसील परिसर का भ्रमण कराया गया। इस दौरान एसडीएम सचिन राजपूत ने छात्र छात्राओं को अपने विभागों रजिस्ट्री कार्यालय, पूर्ति निरीक्षक कार्यालय, आर के दफ्तर, एसडीएम कोर्ट, तहसील बार कोर्ट के बारे ने विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। वहीं कोतवाली प्रभारी शरद मलिक द्वारा छात्र छात्राओं को पुलिस की सहायता प्राप्त करने के बारे में जानकारी देते हुए तत्काल सहायता के लिए महत्वपूर्ण फोन नंबर 112, 1090 स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 102, 108 तथा आग लगने पर 101 आदि नंबरों की जानकारी प्रदान की गई। इसके साथ ही छात्र छात्राओं को पुलिस मित्र बनकर प्रशासन का सहयोग करने के प्रति जागरूक किया गया।

इस दौरान साठ छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य नरूल हसन, रतनेश कुमार, रामनाथ, लोकेंद्र कुमार आदि शामिल रहे।

# सदस्य ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को किया निर्देशित

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बदायूँ।** कविता तिसावड़, सदस्य राज्य स्तरीय निगरानी समिति उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ द्वारा मंगलवार को जनपद में भ्रमण किया गया। भ्रमण के समय अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उपस्थित अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया।

जनपद में भ्रमण कर केन्द्र सरकार में प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी एंव प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्वच्छकारों के कल्याण के लिए संचालित कल्याणकारी योजनाओ के बारे में बताया गया। वंचित स्वच्छकारों एंव सफाई मजदूरों को योजनाओ का लाभ दिलाने के लिये उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

बैठक में सहायक प्रबंधक अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम बदायूं, जिला समाज कल्याण अधिकारी, बदायूं, जिला पंचायत राज अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर निकाय शनि कुमार लोन मित्र सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्रालय उपस्थित रहे।

# कल तक बीएलओ को अवश्य उपलब्ध करा दें सूचना

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बदायूँ।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी विजय कुमार सिंह ने अवगत कराया कि नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली के वृहद्ध पुनरीक्षण हेतु निर्गत निर्देश के अनुसार निर्धारित अवधि के अन्तर्गत बी0एल0ओ0 द्वारा घर-घर जाकर वर्तमान निर्वाचक नामावली में परिवर्धित, संशोधित, विलोपित होने वाले नामों तथा नए मकानों/वर्तमान निर्वाचक नामावली में छूटे हुए मकानों के निर्वाचकों के नामों की जॉच और परिवर्धन का कार्य दिनांक 20 सितम्बर, 2022 से किया जा रहा है।

साथ ही उन्होंने यह भी अवगत कराया है कि विधानसभा की निर्वाचक नामावली, नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली से अलग होती है अत: सम्बन्धित नगरीय निकाय के सभी अर्ह भारतीय नागरिक कृपया उक्त कार्य की अवधि में ही अपना नाम राज्य निर्वाचन आयोग, उ0प्र0की नगरीय निकायों की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित कराना सुनिश्चित कर लें।

निर्वाचक नामावली लोकतंत्र का आधार है और इसका सही बनना प्रत्येक नागरिक के सक्रिय सहयोग पर निर्भर है। अपना और अपने परिवार के सभी अर्ह सदस्यों के नाम निर्वाचक नामावली में दर्ज है अथवा नहीं की जांच कर लें। यदि दर्ज नहीं है तो अवश्य दर्ज कराऐ और इस हेतु घर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को वांधित सूचना दिए बिना कदापि वापस न करें। यदि आपके अथवा परिवार के किसी नाम व प्रविष्टि में कोई संशोधन होना है या किसी नाम व प्रविष्टि को विलोपित किया जाना है तो उसे घर पर पहुँचने वाले बी0एल0ओ0 को कल 20 अक्टूबर 2022 तक अवश्य अवगत करा दें। साथ ही इसके लिए अपने क्षेत्र के उपजिलाधिकारी या सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर सकते है।

## जिला बदर गिरफ्तार

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**स्योहारा।** प्रभारी निरीक्षक राजीव चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला बदर इरफान पुत्र उमर निवासी ग्राम मकसूदपुर को थाना क्षेत्र की सीमा में अनाधिकृत रूप से पाये जाने पर उसके विरूद्ध गुण्डा अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा है।

## भिखारी की हुई स्वभाविक मौत

**चांदपुर।** थाना क्षेत्र के मोहल्ला बाजार जान कस्बा बास्टा निवासी सरफराज करीब 60 वर्ष) पुत्र इमामुद्दीन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण देव मार्केट चांदपुर में स्वाभाविक मृत्यु हो गई है। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। मृतक के परिजनों ने कोई कार्रवाई करने से इंकार कर शव को अंतिम संस्कार करने हेतु अपने साथ ले गए हैं।

## ईख के खेत में मिला अज्ञात शव

**स्योहारा।** थाना क्षेत्र की कस्बा सहसपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम मेवा जट्ट में ईख के खेत में अज्ञात शव पड़ होने की सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने अज्ञात शव को कब्जे में लेकर उसकी शिनाख्त के प्रयास किए। लेकिन शव की शिनाख्त नहीं हो सकी। शव को पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा है। एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छल व सीओ धामपुर इन्दु सिद्धार्थ ने भी मौके पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## मुकदमें में अनूप बाल्मीकि को मिली जमानत

**नगीना।** भाजपा नेता अनूप बाल्मीकि के विरुद्ध स्थानीय न्यायालय में चल रहे मुकदमे में किन्ही कारणों से न्यायालय में हाजिर न होने के कारण उनके एनबीडब्ल्यू वारंट जारी हो गए थे। भाजपा नेता अनूप बाल्मीकि मंगलवार को नगीना स्थित एसीजेएम की अदालत में पेश हुए। जहां एसीजेएम ने भाजपा नेता का वारंट रिकॉल कर उन्हें जमानत दे दी। यह समाचार सुन उनके सैंकड़ों समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई।

## गुरुद्वारे की गुल्लक से नकदी चुराने वाला युवक गिरफ्तार

**बढ़ापुर।** थाना क्षेत्र के गांव मदपुरी निवासी मलकीत सिंह पुत्र गुरुदयाल ने थाने में दी तहरीर में कहा कि 16 अक्टूबर की रात को थाना क्षेत्र के ग्राम चंपतपुर चकला निवासी राजपाल उर्फ गन्ठा पुत्र इंद्र सिंह ने मदपुरी के सिंह गुरुद्वारा में घुसकर दानपात्र में रखी गुल्लक से नगदी चुरा ली थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया था। मंगलवार को पुलिस ने आरोपी राजपाल को हिरासत में लेकर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## चार वारंटी गिरफ्तार

**बढ़ापुर।** स्थानीय पुलिस ने मंगलवार को वारंटी दानिश पुत्र अमीर हसन, सलमान पुत्र खुर्शीद निवासीगण शाहलीपुर कोटरा, राकेश पुत्र राम सिंह निवासी भगवानपुर, सुखदेव पुत्र चंद्रपाल सिंह निवासी किशनपुर कुंडा थाना बढ़ापुर को हिरासत में लेकर सम्बन्धित न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## पुराने विवाद को लेकर दबंगों ने युवक पर किया हमला

**अफजलगढ़।** नगर के मोहल्ला बेगम सराय निवासी शुऐब पुत्र कलवा ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके पिता कलवा वार्ड नंबर 6 के वर्तमान सभासद का फर्जी मुहर साइन बनवाने को लेकर मोहल्ला मंझौली निवासी समीम पुत्र हबीब आदि से एक विवाद चल रहा है। बीती रात्रि वह अपनी बैठक में बैठा था।

अचानक बैठक में शमीम अहमद,शकील अहमद पुत्रगण हबीब निवासी मंझौली दो अज्ञात साथियों के साथ बैठक में घुस गए और रिपोर्ट वापस लेने का दबाव बनाने लगे। इसी दौरान मारपीट कर जान से मारने की नियत से उसका गला घोंटने लगे। बैठक में रखी कुर्सियों में तोड़फोड़ शुरू कर दी। उसकी चीख-पुकार सुनकर परिजन सहित पड़ोसी आ गए। जिस पर आरोपी फरार हो गए।

कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने रिपोर्ट दर्ज किये जाने की पुष्टि करते हुए आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार किए जाने की बात कही है।

# हस्तिनापुर में गंगा नदी में हुआ नाव हादसा

# 6 बाइक सहित दर्जन भर से अधिक लोग डूबे

## विजिलेंस जांच में फंसा पुल, भ्रष्ट अफसरों की लापरवाही से डूबे लोग

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**चांदपुर।** थाना क्षेत्र की पांडव नगर पुलिस चौकी क्षेत्र से थाना हस्तिनापुर क्षेत्र को जाने वाले गंगा नदी पर बने पुल की एप्रोच रोड भ्रष्टाचार के चलते टूट गई थी। जिस कारण तभी से गंगा नदी में अवैध नाव को संचालित किया जा रहा था। मंगलवार की सुबह करीब दो दर्जन लोगों और एक दर्जन मोटरसाइकिल से भरी नाव थाना हस्तिनापुर क्षेत्र के भीमकुंड गंगा घाट से बीच गंगा की धारा में पहुंची, तो अचानक नाव का बैलेंस बिगड़ गया और नाव गंगा की धारा में समा गई। एकाएक हुई इस दुर्घटना से चारों ओर चीख-पुकार मच गई। वहीं, अन्य नाव के लोगों ने स्थानीय लोगों की मदद से नदी में डूबी नाव से दर्जनों लोगों को सुरक्षित बचा लिया, लेकिन इस दौरान कई लोग गंगा में डूब गए। उधर, मामले की सूचना पर दोनों थानों की पुलिस और आसपास के सैकड़ों लोग भी घटनास्थल पर पहुंच गए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के करीब तीन घंटे बाद राहत-बचाव कार्य शुरू किया गया। वहीं, गंगा में डूबे लोगों के परिजन गंगा के किनारे विलाप कर अपने परिवार के लोगों को ढूंढने की लगातार मांग कर रहे हैं।

### दुर्घटना ग्रस्त नाव में सवार लोगों की सूची

**1- मनीष कुमार पुत्र हरनारायण निवासी ग्राम भलसोना सरधना 2- देवेंद्र कुमार पुत्र संतु सिंह शिक्षक अनाज मंडी हस्तिनापुर 3- इजराइल पुत्र रहीस निवासी सब्दलपुर थाना चांदपुर 4- लोकेश पाल पुत्र प्रीतम सिंह निवासी तजपुरा 5- सोहन पाल पुत्र रिंकू निवासी तजपुरा 6- अमरीश पुत्र प्रेम सिंह निवासी दरियापुर शिक्षक 7- अरुण पुत्र हरिराम निवासी मोरना शिक्षक 8- रविंदर पत्नी ब्रहमचंद मनोहरपुर कॉलोनी हस्तिनापुर 9- सोनू पुत्र वेद प्रकाश निवासी बधवा 10- इरशाद अली निवासी जानी टावर लगाने का कार्य 11- अंकित पुत्र वेदप्रकाश निवासी बधवा ( तैरकर गंगा पार अपने गांव पहुंचा ) 12- मोनू पुत्र अनिल निवासी ग्राम रावा मोहम्मदपुर जानी ( मृतक ) 13- महेश पाल पुत्र बालक राम निवासी प्रभात नगर हस्तिनापुर ( लापता ) इसके अलावा भी कई लोग लापता हैं।**

**मुख्यमंत्री ने नाव हादसे का संज्ञान लिया**

**बिजनौर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा नदी में हुए नाव हादसे का संज्ञान लेकर अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं।

**नाव हादसे में प्राइमरी शिक्षक अभी लापता**

**बिजनौर।** नाव हादसे में हस्तिनापुर निवासी अध्यापक महेश चंद पुत्र बलवंत अभी लापता हैं। उनकी पत्नी सरोज ने बताया कि वह थाना चांदपुर क्षेत्र के जलीलपुर ब्लॉक के धीवर पूरा गांव में प्राइमरी अध्यापक थे।

**मोनू शर्मा का मिला शव**

**बिजनौर।** नाव हादसे के घंटों बाद शुरु हुए बचाव कार्य में टावर लगाने वाले मोनू शर्मा निवासी जानी का शव मिला है।

**तटबंध बनाये जाते तो नहीं टूटती अप्रोच रोड**

**जलीलपुर ( उत्तर केसरी )।** यदि पुल के निकट तटबंध बनाये जाते, तो एप्रोच रोड का कटान नहीं होता और ना ही नाव हादसा होता। स्थानीय ग्रामीण पुल डिजाइन में भी झोल होना बता रहे हैं।

जलीलपुर हस्तिनापुर के मध्य गंगा नदी पर बने पुल के दोनों ओर तटबंध बनाए जाते, तो एप्रोच रोड कभी नहीं टूटती। ग्रामीणों का कहना है कि पुल का डिजाइन भी ठीक ना होने के कारण एप्रोच रोड भी सही ढंग से नहीं बन पाई थीं, उनका कहना था कि पुल बनाने के लिए दो से तीन पिलर और बनाये जाने चाहिए थे, साथ ही पुल को यदि सीधा रखा जाता तो पुल से नारनोर तक बनाई गई अप्रोच रोड में कई मोड़ नहीं आते पिलर कम बनने व एप्रोच रोड में कई मोड़ होने की वजह से गंगा का पानी रोड के किनारे आकर टक्कर मारता है। जिसके चलते कई जगह से पत्थर व रोड की मिट्टी पानी में बह गये। यदि तटबंध बनते, तो खादर के गांव वालों को भु बाढ़ का दंश नहीं झेलना पड़ता और ना ही अप्रोच रोड कटती और ना ही राहगीर जान जोखिम में डालकर नाव से गंगा पार करते।

# बैंक मैनेजर के घर पहुंची सीबीआई की फर्जी टीम

## योजनाबद्ध तरीके से की ठगी की कोशिश

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**धामपुर।** बैंक प्रबंधक के आवास पर अवैध वसूली को पहुंची सीबीआई की दो सदस्यीय फर्जी टीम को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया, आरोपियों के साथी व योजना बनाने वाला फरार बताये जा रहे हैं।

स्थानीय न्यू धामपुर सिटी कॉलोनी निवासी जिला सहकारी बैंक स्योहारा के प्रबंधक नीरज शर्मा पुत्र हरिराज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि आज मंगलवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे 04 लोग उसके घर में घुसे और उसे आतंकित करते हुए स्वयं को सीबीआई अधिकारी बताया, उन्होंने उसके व्यवसाय आदि के संबंध में पूछताछ की और कहा कि उसके खिलाफ सीबीआई न्यायालय से वारंट जारी हुए हैं। आरोपी, उसके घर की तलाशी करने का भी प्रयास करने लगे, तब पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को साथ लाने को कहा, तो युवकों द्वारा धमकी देते हुए फाइल में लगे कागज दिखाया। शक होने पर पीड़ित के शोर मचाने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे, इस दौरान पुलिस को भी बुला लिया गया। मौके पर लोगों की भीड़ देखकर 02 आरोपी मौके से फरार हो गए, जबकि 02 लोगों को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने अपने नाम हर्ष पुत्र लीलापथ निवासी काजीवाला चौकी नंबर 03 थाना अंबाला हरियाणा, तुषार पुत्र लीलापथ निवासी नई बस्ती नीलकमल टॉकिज थाना कोतवाली शहर बताया, जबकि फरार हुए लोगों के नाम अनुज व आकाश बताया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से फर्जी पत्रावली व वांरट बरामद किए हैं। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों से जानकारी की, तो उन्होंने बताया कि ठगी की उक्त योजना पवन पुत्र चंद्रपाल निवासी ग्राम दित्तनपुर थाना धामपुर ने बनाई थी। इन लोगों का इरादा घर में घुसकर डरा धमकाकर पैसे ऐंठना था। पुलिस ने प्रकरण के संबंध में थाना धामपुर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। एएसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्च्छल ने जानकारी दी कि कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है, साथ ही फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी को पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

### दो युवक गिरफ्तार ठगों के दो साथी व योजना बनाने वाला फरार

# मदद फाउंडेशन ने मुफ्त कराया जच्चा-बच्चा का इलाज

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**नगीना।** सोमवार को मदर फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कॉसमॉस हॉस्पिटल मुरादाबाद के ऑर्थो स्पेशलिस्ट डॉ. नासिर मलिक ने इलाज के लिए दर-दर भटक रहे जच्चा-बच्चा को समय रहते एक हॉस्पिटल में भर्ती करवाया और दोनों का इलाज़ करवाकर उन्हें घर भिजवाया। इस अवसर पर डॉ.नासिर मलिक, रिजवान वफ़ाती हुसैन, इकराम आदि ट्रस्ट के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## 12 नवम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बिजनौर।** आगामी 12 नवम्बर को प्रात: 10.00 बजे जनपद न्यायालय में जनपद न्यायाधीश, मदनपाल सिंह के मार्गदर्शन में जनपद एवं बाह्य स्थित न्यायालय व सम्बन्धित विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसमें प्री-लिटिगेशन मामलों के अन्तर्गत धारा-138 एनआई एक्ट, बैंक रिकवरी, लेबर विवाद, बिजली-पानी बिल, आपराधिक शमनीय, मैट्रीमोनियल विवाद व अन्य दीवानी विवाद तथा न्यायालय में लम्बित आपराधिक शमनीय, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना क्लेम, भूमि अधिग्रहण, राजस्व, मैट्रीमोनियल व अन्य दीवानी वादों का सुलह-समझौते के आधार पर नि:शुल्क निस्तारण किया जायेगा।

साथ ही 09 नवम्बर से 11 नवम्बर तक वादों के निस्तारण हेतु विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा, जिसमें लघु प्रकृति के वादों का निस्तारण कराया जा सकता है।

# किसानों को जाति व धर्म में बांटकर नाकामी छुपा रही है सरकार : राकेश टिकैत

## पूर्व पीएम चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बिजनौर।** भाकियू टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेश टिकैत ने कस्बा झालू जाते हुए नुमाइश ग्राउन्ड चौक पर स्थित पूर्व प्रधान मंत्री चौ. चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस अवसर पर मीडिया को संबोधित करते राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत ने कहा कि सरकार, किसान की समस्या के समाधान के लिए कोई स्थाई पॉलिसी नहीं बनाती। सरकार, किसान को जाति और धर्म में बांटकर अपनी नाकामी को छुपाना चाहती है। आज फसलों का वाजिब दाम भी नहीं मिल रहे हैं। पिछले सत्र का अरबों रुपया चीनी मिलों से नहीं मिला है। कर्ज के बोझ तले मजबूरन किसान आत्महत्या कर रहे हैं। उन्होंने दो टूक कहा कि भाकियू ने किसानों की आवाज बनकर आंदोलन किया है और आगे भी किसान के अस्तित्व को बचाने के लिए आंदोलन चलाती रहेगी।

भाकियू प्रवक्ता राकेश टिकैत ने किसानों की समस्याओं के समाधान को शीघ्र ही एक बड़े आंदोलन करने का इशारा दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव धीर सिंह बालियान, मंडल अध्यक्ष बाबूराम तोमर, जिलाध्यक्ष कुलदीप सिंह, मेरठ मंडल प्रभारी अशोक घटायन, रमेश मलिक, सोनू चौधरी, जितेंद्र पहलवान, सतपाल चौधरी, विजय पहलवान, अनिल चौधरी, स. मनप्रीत संधू, अमित बालियान उर्फ काले, राजेंद्र सिंह, बीरेंद्र सिंह, कविराज सिंह, अंकित चौधरी, अतुल डबास, मुकुल चौधरी, प्रशांत चौधरी आदि मौजूद रहे।

**किसान नेता ने भाकियू टिकैत गुट का दामन थामा, राकेश टिकैत के समक्ष ली संगठन की सदस्यता**

**झालू।** मंगलवार को कस्बे के बैंकट हॉल में भाकियू टिकैत गुट के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौ. राकेश टिकैत का स्वागत किया गया। इस दौरान कुछ दिन पूर्व भाकियू आराजनैतिक में गए, संगठन के? बिजनौर के पूर्व तहसील अध्यक्ष प्रमोद कुमार के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसानों ने राकेश टिकैत के नेतृत्व में आस्था जताते हुए भाकियू टिकैत गुट की सदस्यता ली। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमोद कुमार ने की व संचालन जिला महासचिव सुनील प्रधान ने किया। कार्यक्रम में जिला संरक्षक मास्टर विजयपाल सिंह, चौधरी सुरपाल सिंह, कोमल सिंह, अवनीश कुमार, अजय वालियान, हर्षवर्धन सिंह आदि बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## दीपावली पर कुम्हार मायूस

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**स्योहारा।** सरकार ने भले ही मिट्टी से बने दीपों की बिक्री करने वालों से किसी भी टैक्स की वसूली पर रोक लगा दी हो, मगर इससे दीपक तैयार करने वाले कुम्हारों की बिक्री पर कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। कुम्हार समाज दीपावली के मौके पर भी मायूस हैं। मुख्यालय सहित पूरे जनपद के गांवों व बाजारों में सबसे ज्यादा बिक्री चीन में निर्मित इलेक्ट्रॉनिक झालरों की हो रही है। चाइना की यह झालरें काफी आकर्षक हैं। स्योहारा मार्केट सहित मुख्य बाजार में इनकी सबसे ज्यादा बिक्री हो रही है। राजपाल सिंह प्रजापति ने बताया कि दीप व कुल्हियो की खरीदारी सिर्फ आम नागरिक ही कर रहे हैं। लग्जरी गाड़ी में बैठकर कोई भी इन्हें खरीदने नहीं आ रहा है। गांव हरौली राजपाल सिंह प्रजापति ने अपना पुश्तैनी काम नहीं छोड़ा है। वह आज भी दीप कुल्हियां व मटको आदि का निर्माण करते हैं। उनकी बेटी किरन कुमारी साथ मिलकर मिट्टी तैयार करते हैं।

# बोतल से बाहर निकला पुरातत्व विभाग की संपत्ति का जिन्न

**★ नगर पालिका ने दुकानों से संबंधित सभी दावों को नकारा,**

**★ किसी प्रकार की टैक्स वसूली नहीं**

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**नजीबाबाद।** नगर में रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित पुरातत्व विभाग की संपत्ति पर बसे नजीबुद्दौला मार्केट की दुकानें न तो नगर पालिका ने किराए पर नहीं दी हैं और न ही इन दुकानों के निर्माण की ही अनुमति नगर पालिका की ओर से दी गयी है।

भाजपा पिछड़ा वर्ग आयोग के सोशल मीडिया सेल के जिला प्रमुख रितेश सैन ने नगर पालिका प्रशासन से आरटीआई एक्ट 05 के तहत जानकारी मांगी थी, जिस पर नगर पालिका ईओ की ओर से जारी पत्र संख्या 1321/01 -मुल्का./ न.पा.प./ नजी.-2022, 12 अक्टूबर 2022 के माध्यम से बताया गया कि स्टेशन मार्ग स्थित पुरातत्व विभाग की सम्पत्ति पर बने नजीबुद्दौला मार्केट में नगर पालिका नजीबाबाद द्वारा किसी भी दुकान का निर्माण नहीं कराया गया है। न ही पुरातत्व विभाग से दुकानों के निर्माण के सम्बन्ध में कोई अनुमति प्राप्त की गयी है। पुरातत्व विभाग की सम्पत्ति में बनी दुकानों से किसी भी प्रकार का कोई किराया वसूल नहीं किया गया। न ही इन दुकानों का दाखिल खारिज किया गया। नवाब नजीबुद्दौला के मकबरे की भूमि का खसरा व रकबे की जानकारी तहसील नजीबाबाद से सम्बन्धित है। वहीं, इस मामले में भाजपा नेता रितेश सैन का कहना है कि पूर्व में पुरातत्व विभाग ने स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों को पत्र लिखकर नजीबुद्दौला मकबरा क्षेत्र में बनी 25 दुकानों को अवैध निर्माण बताकर ध्वस्त किए जाने की मांग कर चुका है। भाजपा नेता ने कहा कि वह इस मामले में पुरातत्व विभाग की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की मांग करेंगे।

# एलआरएस में शुरू हुआ चार दिवसीय दीपावली मेला, जादूगर पाशा ने दिखाए हैरतअंगेज जादू

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**नगीना।** एलआरएस महाविद्यालय में आयोजित चार दिवसीय दीपावली मेले में पहले दिन बड़ी संख्या में नगर वासियों व विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने पहुंचकर खूब आनंद लिया। सभी ने हॉर्स राइडिंग, जेम्स एवं दर्जनों प्रकार के झूलों में झूला झूला तथा बाद में जादूगर पाशा के करतबी जादूगर को देखा। लाला राधेश्याम महिला महाविद्यालय के प्रांगण में लगे दीपावली मेले में छात्राओं द्वारा लगाई गई विज्ञान प्रदर्शनी, कला प्रदर्शनी, विभिन्न प्रकार के घरेलू सामानों से सुसज्जित दर्जनों दुकानें, हॉर्स राइडिंग, झूले, गेम्स स्टाल, जादूगर पासा का मैजिक शो छात्राओं के बीच आकर्षण का केंद्र रहा। कॉलेज प्रबंधक राकेश अग्रवाल व निर्देशक संजीव अग्रवाल ने कला व विज्ञान प्रदर्शनी का निरीक्षण कर छात्राओं की हौंसला अफजाई की।

इस अवसर पर जादूगर पाशा ने एक भारी स्कूल को हवा में उड़ाया तो दर्शक व बच्चे अचंभित होकर तालियां बजाने लगे। जादूगर पाशा ने तिरंगा झंडा, कपड़े से फूल, बच्ची को अंगूठे से कोल्ड्रिंक पिलाना, रस्सियों में गांठ लगाने का जादू समेत कई हैरतअंगेज जादू दिखाएं।

# दरभंगा एक्सप्रेस में दंपत्ति से छेड़छाड़, रिपोर्ट दर्ज

## आधा दर्जन युवकों ने नगीना क्षेत्र में की महिला से छेड़छाड़

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**नजीबाबाद।** मंगलवार को दरभंगा एक्सप्रेस ट्रेन में नगीना के समीप लगभग आधा दर्जन युवकों ने महिला के साथ छेड़छाड़ की। जिसका महिला के पति ने विरोध किया, तो उसके साथ जमकर मारपीट की गई। मामला बढ़ते देख युवक नगीना रेलवे स्टेशन पर ट्रेन से उतर कर फरार हो गए। पीड़िता के अनुसार युवक खुद को काशीपुर निवासी बता रहे थे। घटना के बाद महिला व उसका पति नजीबाबाद जीआरपी थाने पहुंचे। जहां उन्होंने थाना अध्यक्ष सुभाष तोमर को शिकायती पत्र सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की। इस मामले में थाना अध्यक्ष सुभाष तोमर ने बताया कि आरोपी अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की छानबीन की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

## नजीबाबाद रेलवे स्टेशन पहुंची चैकिंग टीम

### एएस चैक टीम और जीआरपी ने चलाया संयुक्त अभियान

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**नजीबाबाद।** मंगलवार को स्थानीय रेलवे स्टेशन पर पहुंची ए एस चैक टीम ने रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर यात्रियों का सामान चैक किया व स्टेशन परिसर में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों की भी चेकिंग की। टीम प्रभारी विनोद कुमार के साथ महेश कुमार, श्रवण कुमार, विनीत कुमार, रविंद्र सिंह मौजूद रहे।

इस दौरान नजीबाबाद जीआरपी थाना अध्यक्ष सुभाष तोमर, उप निरीक्षक अशोक वर्मा, हेड कांस्टेबल जीनेश कुमार, संजीव कुमार, महिला कॉन्स्टेबल शीतल चौधरी आदि मौजूद रहीं।

## डीआईओएस ने टीम के साथ किया विद्यालय का निरीक्षण

**स्योहारा ( उत्तर केसरी ब्यूरो )।** जिला विद्यालय निरीक्षक रामाज्ञा कुमार ने नगर के रघुराज सिंह पब्लिक इंटर कॉलेज का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कक्षाओं, प्रयोग शालाओं का निरीक्षण किया। साथ ही विभिन्न कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन को देखा। इस दौरान नामिका निरीक्षण कर रहे प्रवक्ता महेंद्र सिंह त्यागी एचआईसी चांदपुर तथा आनंदपाल सिंह प्रवक्ता फिना द्वारा विभिन्न कक्षाओं में जाकर पठन-पाठन और अध्यापक दैनिदनी का भी निरीक्षण किया। जिला विद्यालय निरीक्षक ने उपस्थिति रजिस्टर, टीचर डायरी, पंजिका रजिस्टर, छात्र-छात्राओं की संख्या आदि का निरीक्षण कर संतोष व्यक्त किया।

# डीएम ने 34 एसपीसी कैडेट को सौंपे प्रमाण पत्र, आमजन का सहयोग करने की दी नसीहत

( उत्तर केसरी ब्यूरो )

**बिजनौर।** जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने महात्मा विदुर सभागार में स्टूडेण्ट पुलिस कैडिट कार्यक्रम के अन्तर्गत राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की 30 तथा जूनियर हाई स्कूल अकबरपुर आंवला नजीबाबाद की 04 छात्राओं को प्रमाण पत्र वितरित किए।

इस दौरान जिलाधिकारी श्री मिश्रा ने कहा कि वह पुलिस एवं प्रशासन के सहयोग के लिए सदैव तत्पर रहें।

इस अवसर पर एएसपी नगर डॉ प्रवीण सिंह रंजन, डीआईओएस रामाज्ञा, प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इन्टर कॉलेज के अलावा अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# शांतिपूर्ण माहौल में सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार : राजकुमार

## बोले एडीजी, न होने दें किसी नई परम्परा की शुरूआत

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न कराने के लिये पुलिस महकमा पूरी तरह से चौकस हो गया है। मंगलवार को अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन राजकुमार ने पुलिस लाईन में आयोजित हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि त्यौहारों को सभी मिलकर शांतिपूर्वक मनायें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देश दिये कि इस बात को देखें कि कहीं कोई नई परम्परा की शुरूआत नहीं हो।

मंगलवार को पुलिस लाइन में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता एडीजी बरेली जोन राजकुमार ने की। डीआईजी शलभ माथुर और एसएसपी हेमंत कुटियाल भी बैठक में मौजूद रहे। बैठक में सबसे पहले समिति सदस्यों, जनप्रतिनिधियों और अन्य गणमान्य लोगों से उनके क्षेत्र की समस्या के बारे में पूछा गया। लोगों ने बिजली कटौती, सड़क पर बने गड्ढे और जाम की शिकायतें की। साथ ही त्योहारी बाजार में सुरक्षा के लिए पुलिसकर्मियों की तैनाती की मांग की। करूला की पुलिया पर लगने वाले जाम की शिकायतें कई बार आईं। बैठक में एडीजी राजकुमार ने कहा कि बैठक में जो समस्याएं रखी गईं हैं उनका निराकरण कराया जाएगा। उन्होंने दिवाली पर आतिशबाजी को लेकर अलर्ट रहने को कहा। अपील की कि किसी भी हालत में सड़कों पर पटाखे न फोड़ें इससे हादसों का खतरा रहता है। डीआईजी शलभ माथुर ने कहा कि त्योहार पर कोई भी नई परंपरा न शुरू करें। यदि किसी ने ऐसा करने की कोशिश की तो उससे सख्ती से निपटा जाएगा। अधिकारियों ने सीओ और थाना प्रभारी को निर्देशित किया कि अपने-अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाए ताकि कोई घटना न होने पाए। इस दौरान सोशल मीडिया की भी निगरानी करने पर जोर दिया। अपील किया कि किसी भी अफवाह पर ध्यान न दें। बैठक में शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने भी अपने संबोधन में त्योहार को मिलजुल कर सामंजस्य के साथ सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की। संचालन सीओ ठाकुरद्वारा डॉ. अनूप सिंह ने किया।

इस दौरान एसपी सिटी अखिलेश भदौरिया, एसपी देहात संदीप कुमार मीणा, सिटी मजिस्ट्रेट ज्योति, सीओ ठाकुरद्वारा अपेक्षा निंबाड़िया, सीओ कटघर शैलजा मिश्रा, सीओ कांठ सलोनी अग्रवाल, सीओ बिलारी डॉ. गणेश गुप्ता, सीओ हाईवे देश दीपक सिंह समेत सभी सीओ, पूर्व विधायक अनिसुर्रहमान, सलाउद्दीन मंसूरी, सलीम वारसी, केसर कुद्दुसी, प्रेमबाबू, नासिर कमाल, सुनील नागवंशी, अनिल कुमार सोती समेत अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पुलिस लाईन में आयोजित हुई जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक, दिये निर्देश

# ऑटम फेयर में निर्यातकों पर हुई कारोबार की बरसात

## एक्सपो इंडिया मार्ट में संपन्न हुआ आईएचजीएफ दिल्ली मेला

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** ऑटम फेयर निर्यातकों के चेहरे पर खुशी के साथ संपन्न हुआ। 14 से 18 अक्टूबर तक चलने वाले इस मेले में निर्यातकों पर कारोबार की बरसात हुई।

हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद की ओर से ऑटम फेयर के समापन पर साढ़े तीन हजार करोड़ रुपए की व्यापारिक पूछताछ होने की पुष्टि की गई। पांच दिवसीय मेगा ऑटम फेयर में मुरादाबाद समेत देशभर के हस्तशिल्प निर्यातक जिन उम्मीदों के साथ शिरकत करने पहुंचे थे उनके काफी हद तक पूरा होने की खुशी समापन दिवस पर उनके चेहरे से झलकी। ऑटम मेले में एक्सपो मार्ट पर पहुंचे 98 देशों के सात हजार 690 खरीदार हस्तशिल्प कारोबार से जुड़े लोगों को कारोबार का दिवाली उपहार देकर गए। समापन अवसर पर राजकुमार मल्होत्रा, चेयरमैन, ईपीसीएच ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय सोर्सिंग समुदाय की ओर से अपनी

तरह के एक प्रमुख व्यापार मंच के रूप में विश्व स्तर पर लगातार सराहा जा रहा ऑटम फेयर अपने 54 वें संस्करण में सफलता के नए मुकाम स्थापित कर गया। राकेश कुमार, महानिदेशक, ईपीसीएच ने कहा कि ऑटम फेयर 2022 में हमारे प्रदर्शकों ने दुनिया भर के खरीदारों को जोड़ने व आकर्षित करने के लिए जो अद्वितीय व उत्कृष्ट प्रयास किए वह मजबूत व्यापारिक पूछताछ के रूप में फलीभूत हुए। अवधेश अग्रवाल, चेयरमैन, ऑटम फेयर कमेटी ने कहा कि हस्तशिल्प के क्षेत्र से जुड़े अधिकांश कारीगरों व उद्यमियों के लिए आईएचजीएफ दिल्ली मेले में शिरकत करना और लंबी प्रोडक्ट रेंज के साथ दुनिया भर के खरीदारों से रूबरू होना एक बार फिर सुखद व फलदायी अनुभूति साबित हो गया।

# नोदी एक्सपोर्ट को मिला पीएन सूरी मेमोरियल अवार्ड

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** टर नोयडा स्थित इण्डिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड आईएमईएल में में आयोजित हुए हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद द्वारा 54 वें आईएचजीएफ फेयर में नोदी एक्सपोर्ट को पीएन सूरी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

हर वर्ष की भाँति इस बार भी फेयर में बेहतरीन स्टाल लगाने वाले निर्यातकों को प्रतिष्ठित पीएन सूरी मेमोरियल अवार्ड की घोषणा की गयी। इस वर्ष हाउस वेयर, टेबल एंड डेकोरेटिव श्रेणी में पीएन सूरी मैमोरियल अवार्ड(गोल्ड) नोदी एक्सपोर्ट को प्रदान किया गया। आमंत्रित अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में नोदी एक्सपोर्ट्स की ओर से ये अवार्ड

नोदी एक्सपोर्ट्स के स्वामी डॉ नीरज विनोद खन्ना के पुत्र एवम युवा निर्यातक नमित खन्ना ने मुख्य अतिथि शान्तमनु डिप्टी कमिश्नर हैंडीक्राफ्ट के हाथों से ग्रहण किया। इस अवसर पर ईपीसीएच के महानिदेशक डॉ राकेश कुमार चैयरमैन ईपीसीएच राजकुमार मल्होत्रा, वाइस चेयरमैन ईपीसीएच कमल सोनी, एमएचईए के संरक्षक नजमुल इस्लाम, यस के नेशनल चैयरमैन व ईपीसीएच के सीओए डॉ नीरज विनोद खन्ना, एमएचईए के अध्यक्ष नवेद उर रहमान, एमएचईए के महासचिव व फेयर कमेटी के चेयरमैन अवधेश अग्रवाल यस के नेशनल जनरल सेक्रेटरी विशाल अग्रवाल, यस के नेशनल सेक्रेटरी जेपी सिंह, यस के चेयरमैन रोहित ढल, महासचिव पुनीत आर्या, बोर्ड डायरेक्टर शैलेश खन्ना, सहित बड़ी संख्या में निर्यातको की उपस्थिति रही व सभी ने नमित खन्ना को उनकी इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

# प्रतियोगिता के दौरान घोड़े से गिर कर घायल हुए अकादमी के आरआई

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** पुलिस अकादमी में चल रही घुड़सवारी प्रतियोगिता के दौरान आरआई एमपी प्रेम बाबू घोड़े से गिरकर घायल हो गए। उन्हें गम्भीर

हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

डॉ भीमराव आंबेडकर पुलिस अकादमी में पुलिस की 24वीं वार्षिक घुड़सवारी प्रतियोगिता चल रही है। मंगलवार को प्रतियोगिता के अंतिम दिन टॉप स्कोर जम्पिंग स्पर्धा हॉर्स राइडिंग मैदान में कराई जा रही थी। इसमें अकादमी के आरआई एमपी प्रेम बाबू अपने घोड़े ब्लैकब्यूटी के साथ प्रतिभाग कर रहे थे। जम्पिंग के दौरान एक हर्डल पर घोड़ा सही जम्प नहीं लगा पाया और प्रेम बाबू घोड़े के साथ ही जमीन पर गिरकर घायल हो गए। घोड़े के पाव बल्ली में फंसने से यह हादसा हुआ। आनन फानन में वहाँ मौजूद स्टाफ उन्हें लेकर जिला अस्पताल पहुंचा। जहां गम्भीर हालात में उनका उपचार चल रहा है। उनके पैर और कमर पर काफी चोट है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ एसएस कक्कड़ की देखरेख में उनका उपचार चल रहा है।

# डिवाइडर से टकरा दुर्घटनाग्रस्त हुई बेकाबू बाइक, महिला की मौत

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** एक तेज रफ्तार बाइक डिवाइडर से टकरा कर दुर्घटनाग्रसत हो गयी। हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गयी जबकि उसका पति घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार अमरोहा जिले के धनौरा थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांपुर छात निवासी कृपाल सिंह (34) मंगलवार दोपहर अपनी पत्नी सुनीता कौर (30) को लेकर बाइक से उत्तराखंड के रुद्रपुर बहन के घर जा रहा था। दोपहर करीब एक बजे मूंढापांडे थाना क्षेत्र में हवाईपट्टी के आगे रिलायंस पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तभी उसकी बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में सुनीता कौर

की मौके पर ही मौत हो गई। पति कृपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में घायल कृपाल सिंह को मूंढापांडे सीएचसी पहुंचाया, जहां से उसे हायर मेडिकल सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एसओ मूंढापांडे अमित कुमार तोमर ने बताया कि हादसे में महिला की मौत हुई है। उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। दूसरी ओर महिला की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा है।

# हेल्थ एटीएम से लोगों को मिलेगी सुविधा

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** सरकारी अस्पतालों में अब हेल्थ एटीएम स्थापित किए जाने की कवायद शुरू हो गई है, जिससे लोगों को इलाज में सुविधा मिलेगी।

प्रदेश सरकार की ओर से हेल्थ एटीएम स्थापित किए जाने के दिशा-निर्देश प्राप्त होने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर इन्हें स्थापित करने के लिए जगह तैयार करने का काम शुरू कर दिया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ.मिलिंद चंद्र गर्ग ने कहा कि यह बैंक के एटीएम की तरह का बूथ होगा। इसमें सभी प्रमुख चिकित्सकीय जांचें कराने की सुविधा होगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के

साथ ही कुछ अर्बन पीएचसी पर भी हेल्थ एटीएम लगेंगे। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रघुवीर सिंह ने बताया कि हेल्थ एटीएम के लिए उपकरण भी जिला मुख्यालय पर पहुंच गए हैं। हेल्थ एटीएम पर लोग अपना फुल हेल्थ चेकअप खुद कर सकेंगे। डायबिटीज, ब्लड प्रेशर, ऑक्सीजन आदि की जांच संभव होगी। हेल्थ एटीएम पर चेकअप के लिए पहुंचने वाले लोगों की मदद के लिए हेल्थ असिस्टेंट की नियुक्ति को लेकर भी मंथन शुरू हो गया है।

# 21 को समाप्त होगा दस्तक अभियान

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** 7 अक्टूबर से शुरू हुआ दस्तक अभियान सुस्ती के साथ चलते हुए 21 अक्टूबर को समाप्त हो जाएगा।

इस बार मुहिम गति नहीं पकड़ सकी। इस अभियान के बेहतर संचालन के लिए जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने जो आदेश दिए उन पर संबंधित विभागों ने पूरी तरह अमल नहीं किया। जिला एवं ब्लाक स्तरीय सभी विभागों मिल कर अभियान सफल बनाने के आदेशों का अनुपालन पूरी तरह नहीं किया जा सका। इस मुहिम में चिकित्सा विभाग के अलावा,

नगर विकास विभाग, पंचायतीराज, ग्राम्य विकास, पशुपालन विभाग, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, शिक्षा, दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग, कृषि एवं सिंचाई, उद्यान सभी को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

# वन स्टॉप सेंटर की व्यवस्था बिगड़ने पर बालिका गृह शिफ्ट होंगी किशोरियां

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** पॉक्सो और अन्य मामले में वन स्टॉप सेंटर पहुंचने वाली किशोरियों को सेंटर की व्यवस्था गड़बड़ाने पर बालिका गृह शिफ्ट करने की व्यवस्था की जा रही है।

पुलिस केस से जुड़ी किशोरियों को केस के निस्तारण तक बालिका गृह में रखने की व्यवस्था की गई, वहीं उत्पीड़न व घरेलू हिंसा की प्रताड़ित महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर पर रखकर उनके मामले को बातचीत के जरिए सुलझाने का प्रयास किया जाता है। लेकिन कुछ समय से पुलिस सीडब्ल्यूसी के जरिए कई किशोरियों को वन स्टॉप सेंटर पर ही रखवा रहे थे, जिससे वन स्टॉप सेंटर की सुरक्षा व्यवस्था बिगड़ रही थी। वन स्टॉप सेंटर की संचालिका के कहने पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नरेश चौहान ने आदेश किए कि अब पुलिस केस से जुड़ मामलों की किशोरियां सीधे बालिका गृह में रखवाई जाएंगी और घरेलू हिंसा या उत्पीड़न सरीखे मामलों की पीड़िताएं वन स्टॉप सेंटर में भेजी जाएंगी, जिससे व्यवस्था ठीक बनी रहे।

# आज आएंगे अपर मुख्य सचिव

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** अपर मुख्य सचिव श्रम एवं सेवा योजन सुरेश चंद्रा बुधवार को मुरादाबाद आएंगे। वह सर्किट हाउस में बाढ़, अतिवृष्टि समेत कई विषयों पर अफसरों के साथ बैठक करेंगे। आपदा से निपटने को किए गए इंतजामों पर समीक्षा करेंगे। अपर मुख्य सचिव 20 को लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

# बारिश के कारण देरी से क्रय केंद्रों पर पहुंचेंगे धान

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** इस बार बारिश के कारण अभी कई जगह खेतों में ही धान पड़े है जिससे इस बार क्रय केंद्रों पर धानों के पहुंचने में देरी हो सकती है।

पिछले दिनों हुईबारिश से बाढ़ से धान की फसल मुरादाबाद में बर्बाद हुई है। कुछ गांवों में जहां कोसी नदी का पानी घुसा वहां नब्बे फीसदी से ज्यादा धान बर्बाद हो गया है। ओवर ऑल धान की फसलों में भारी नुकसान देखने को मिला है। डिप्टी आरएमओ राजेश्वर प्रताप सिंह ने टीम समेत रायपुर खुर्द केंद्र का निरीक्षण किया। इसके साथ ही पास में धान के खेतों का निरीक्षण किया। डिप्टी आरएमओ ने बताया कि कुछ धान की फसल पक कर तैयार है पर अभी दस दिन का समय क्रय केंद्रों तक पहुंचने में लग जाएगा। अब तक करीब पांच हजार किसान धान बेचने को अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं। बारिश की वजह से खेतों में फसल गीली पड़ी है। इसे सुखा कर धान निकालने में कुछ वक्त समेटने में समय लगेगा। अफसरों का कहना है कि बारिश ने काफी असर डाला है।

### मुख्यालय छोड़ने से पहले देनी होगी सूचना

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** बिना संबंधित विभाग के अधिकारियों की सूचना के कर्मचारी शनिवार आते ही मुख्यालय छोड़ देते हैं। रविवार को अपर नगरायुक्त द्वारा बुलाई गई बैठक में हकीकत सामने भी आ गई। अपर नगरायुक्त अनिल कुमार सिंह ने बताया कि बिना लिखित सूचना के मुख्यालय छोड़ने वाले कर्मचारियों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### अंतिम चरण में पहुंचा अग्निशमन सिस्टम का काम

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** जिला व महिला अस्पताल में अग्नि शमन सिस्टम स्थापित किया जा रहा है, जिसका काम अंतिम चरण में पहुंच गया है। यह जानकारी जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ.राजेंद्र कुमार ने दी।

उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक फायर सिस्टम के लिए ट्यूबवेल स्थापित कर दिया गया है। महिला अस्पताल परिसर में ट्यूबवेल कुछ समय पूर्व स्थापित हो गया था। ट्यूबवेल में एक लाख लीटर पानी का स्टोरोज हो सकेगा। महिला अस्पताल की सीएमएस डॉ.सुनीता पांडेय ने मंगलवार को फायर सिस्टम के संचालन की तैयारी का जायजा लिया। बताया कि इसके लिए वायरिंग फिटिंग की प्रक्रिया जल्द ही पूरी हो जाएगी। जिला अस्पताल के चिकित्साधीक्षक डॉ.राजेंद्र कुमार ने बताया कि अग्निशमन सिस्टम पूरी तरह से स्थापित होने के बाद आग बुझाने का मॉक ड्रिल कराया जाएगा। फायर सिस्टम एक महीने में चालू हो जाने के आसार हैं।

# फिर लाल हुआ टमाटर आसमान चढ़े सब्जियों के दाम

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** बीते दिनों लगातार तीन दिन तक हुई मूसलाधार बारिश के बाद सब्जियों के दाम आसमान छू गए। बीते दिनों हुई बारिश से किसानों को भारी झटका लगा। खेतों में खड़ी धान की फसल पूरी तरह चौपट हो गई।

**सब्जी पहले दाम अब यह है दाम**

- आलू 30 रुपये 40 से 45 रुपये प्रति किलो
- प्याज 30 रुपये 40 से 45 रुपये प्रति किलो
- टमाटर 40 रुपये 60 रुपये प्रति किलो
- भिंडी 30 रुपये 60-70 रुपये प्रति किलो
- अरबी 40 रुपये 80 रुपये प्रति किलो
- फूल गोभी 35 रुपये 55 रुपये प्रति किलो
- लोकी 0 रुपये 50 रुपये प्रति किलो
- बैंगन 40 रुपये 50 रुपये प्रति किलो

मुरादाबाद में बारिश किसानों के लिए आफत बनकर आई। वहीं बारिश के चलते बर्बाद हुई सब्जियों की वजह से मंडी में आई सब्जियों के दाम सात दिनों में पहले से डबल हो गए हैं। चिप्सोना आलू फुटकर में 30 रुपये प्रति किलो मिल रहा था, जो अब बढ़कर 40-45 रुपये हो गया। वहीं प्याज के दामों में भी काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिली। मंडी के सब्जी आढ़ती तोता राम सैनी और अनिल कुमार ने बताया कि एक सप्ताह के अंदर हर सब्जी के दाम डेढ़ से दो गुना बढ़ गए हैं। बारिश और हुई तो रेट और बढ़ जाएंगे। जिला उद्यान अधिकारी गया प्रसाद ने बताया कि बारिश की वजह से आलू, भिंडी, गाजर,

बैंगन, तुरई की फसलों को बीस से 30 प्रतिशत नुकसान हुआ है।

# कारागार में बंदियों को मिलेगा रोजगार के लिये प्रशिक्षण

( उत्तर केसरी संवाददाता )

**मुरादाबाद।** कारागार में बंद बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने की कवायद शुरू हो गयी है। कारागार प्रशासन बंदियों को रोजगार के लिये प्रशिक्षित करेगा। इस आज विधिवत शुभारम्भ हो गया।

प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जेलों के बंदियों को आत्मनिर्भर और स्वावलम्बी बनाने के लिए कोशल विकास मिशन के तहत प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद मुरादाबाद जिला जेल में हैंडीक्रॉफ्ट सेक्टर में मेटल हैंडीक्रॉफ्ट आर्टिजन के प्रशिक्षण के लिए 216 पुरुष बंदियों को चयनित किया गया। इसके अलावा कृषि क्षेत्र में वर्मी कंपोस्ट तैयार करने के प्रशिक्षण के लिए 108 पुरुष और फूड प्रोसेसिंग सेंटर में अचार बनाने के प्रशिक्षण के लिए 108 महिला व पुरुष बंदियों को चयनित किया गया। इसमें से मेटल हैंडीक्रॉफ्ट के 54 पुरुष और अचार बनाने के 54 महिला बंदियों प्रशिक्षण मंगलवार से शुरू हो गया है। इसके लिए 27-27 बंदियों की दो-दो बैच संचालित की जा रही है। प्रशिक्षण देने के लिए शांति प्रसाद यादव और सुपर्णा प्रशिक्षण के रूप में पहुंच चुके हैं। शुभारंभ अवसर पर वरिष्ठ जेल अधीक्षक डॉ. वीरेश राज शर्मा ने बंदियों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय से आए एमजीएनएफ शिवम मित्तल ने शुरू किए गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दोरान जेलर मृत्युंजय पांडेय ने जेल में ब्यूटिशियन कार्स का प्रशिक्षण देने का भी अनुरोध किया। कार्यक्रम में जेलर मृत्युंजय कुमार पांडेय, सुमित विश्नोई, निखिल अग्रवाल, शांत प्रसाद यादव, सुपर्णा आदि मौजूद रहे।